

प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 332 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए जारी की डेटशीट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए डेट शीट की घोषणा कर दी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 19 फरवरी से और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2023 से शुरू होंगी। दोनों परीक्षाएं 10 अप्रैल, 2024 तक समाप्त होंगी। वेबसाइट के अनुसार परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगी और 1.30 बजे तक चलेंगी। सीबीएसई के 10वीं और 12वीं की डेट शीट आधिकारिक वेबसाइट cbse.nic.in और cbse.gov.in पर उपलब्ध है। 10 वीं का संस्कृत पेपर 19 फरवरी को, 21 फरवरी को हिन्दी, 26 फरवरी को अंग्रेजी, 2 मार्च को साइंस 4 मार्च को होम सांइस, 7 मार्च को सोशल साइंस, 11 मार्च को गणित और 13 मार्च को आईटी का पेपर होगा।

## भारत के विकास में लाभकारी है 5 डी : राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के पास 5 डी है, जो विकास की यात्रा में लाभकारी है। हमारी अर्थव्यवस्था एक दशक पहले 11वें पायदान पर थी। आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2030 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है।

# राजस्थान को मिला ब्राह्मण मुख्यमंत्री

## = नौ दिन से जारी सियासी उथल-पुथल पर आखिरकार लगा विराम

**लगी मुहर...**

8 राजस्थान में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। इसके लिए प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी के नाम पर मुहर लगी है।

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया गया है। भजन लाल शर्मा के हाथों में अब राज्य की सत्ता की कमान होगी। भाजपा विधायक दल की बैठक में भजन लाल शर्मा के नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। वे सांगानेर विधानसभा सीट से विधायक हैं। इनके नाम का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रखा। इसके साथ ही पार्टी ने तय किया है कि राजस्थान में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। इसके लिए प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी के नाम पर मुहर लगी है। स्पीकर के लिए वासुदेव देवनानी का नाम फाइनल किया गया है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। वसुंधरा ने चुनावी नजीतों के बाद पार्टी के कई विधायकों को डिनर पार्टी दी थी, जिसे दबाव की राजनीति के तौर पर देखा गया था। हालांकि, नड्डा से मुलाकात के बाद वसुंधरा के सुर बदले-बदले नजर आए थ और उन्होंने खुद को पार्टी का अनुशासित कार्यकर्ता बताया था।

**विधायक दल की बैठक में चुना गया नेता :** इसके बाद पार्टी ने राज्य के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी थी। उन्हें राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी सस्पेंस पर विराम लगाने और विधायक दल का नेता चुनने के लिए सभी की सहमति बनाने का जिम्मा सौंपा गया था। इसके बाद मंगलवार को हुई विधायक दल की बैठक में भजन लाल शर्मा को चुना गया।

**विधायक बने सांसदों के इस्तीफे ने बढ़ा दी थी सरगर्मी:** इससे पहले राजस्थान के राजसमंद की सांसद दीया कुमारी, जयपुर के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा और अलवर के सांसद बाबा बालक नाथ ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि पार्टी वसुंधरा के अलावा किसी दूसरे चेहरे पर दांव खेल सकती है।

**21 सांसदों को उम्मीदवार बनाया था:** भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में कुल 21 सांसदों को उम्मीदवार बनाया था। इनमें से 12 ने जीत दर्ज की है। भाजपा ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में सात-सात, छत्तीसगढ़ में चार और तेलंगाना में तीन सांसदों को विधानसभा चुनाव के मैदान में उतारा था।

**मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में चौंकाया:** इससे पहले भाजपा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लगाकर सभी चौंका दिया था। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह भी तय किया गया कि मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला का चुना गया। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेंद्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं।
इसके अलावा स्पीकर पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर के नाम का एलान किया गया था। वहीं, छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री के लिए चुनकर सियासी गलियारे में हलचल मचा दी थी। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि राज्य में दो डिप्टी सीएम होंगे और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह स्पीकर हो सकते हैं।



### सीएम का प्रोफाइल: चार बार भाजपा के प्रदेश महामंत्री रहे भजन लाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**भारतीय** जनता पार्टी ने राजस्थान में इस बार ब्राह्मण चेहरे पर भरोसा जताते हुए भजन लाल शर्मा को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया है। 56 साल के शर्मा भाजपा के चार प्रदेश अध्यक्षों के साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री रहे हैं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से 1993 में राजनीति में एमए की डिग्री हासिल की है। वह भरतपुर के रहने वाले हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े होने के कारण भाजपा में उनकी गहरी पकड़ है। केंद्रीय पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडेय की मौजूदगी में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया।
शर्मा पहली बार जयपुर की सांगानेर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते। उन्हें मौजूदा विधायक अशोक लाहोटी का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया था।



### राजस्थान: ब्राह्मण मुख्यमंत्री, राजपूत और दलित बने उप-मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली :** राजस्थान में नौ दिन से जारी सियासी अटकलों पर आखिरकार मंगलवार को विराम लग गया। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया। भजन लाल शर्मा राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। इसके साथ ही दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा के रूप में दो उप मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। नई सरकार का शपथ ग्रहण 15 दिसंबर को होगा।
अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी राजस्थान विधानसभा के अगले अध्यक्ष होंगे। भाजपा ने इन नामों के साथ पूरे राजस्थान में जातीय समीकरण को साधने की कोशिश की है। ऐसे ही फैसले पहले मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को लेकर किए गए।

# पीएम ने वैश्विक फ्रेमवर्क तैयार करने पर दिया जोर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विश्व से आग्रह किया कि जल्द ही इसके उचित उपयोग के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। जीपीएआई 29 सदस्य देशों की पहल है। भारत 2024 के लिए जीपीएआई का अध्यक्ष है। इसका उद्देश्य एआई से जुड़ी प्राथमिकताओं पर अत्याधुनिक अनुसंधान और व्यावहारिक गतिविधियों में मदद करके एआई पर सिद्धांत और व्यवहार के अंतर को कम करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई में बदलाव लाने की क्षमता है, लेकिन हमें इसे ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी बनाना होगा। इसकी शुरूआत डेटा और एल्गोरिदम को पारदर्शी और पक्षपात मुक्त बना कर कर सकते हैं। डीप फेक की चुनौती आज पूरी दुनिया के सामने है। इसके अलावा सायबर सुरक्षा, डेटा चोरी और आतंकियों के हाथ में एआई टूल के आने का भी बहुत बड़ा खतरा है। एक वैश्विक अभियान बनने के कारण हम सभी को मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नैतिक, आर्थिक और सामाजिक चिंताओं पर ध्यान दिए बिना एआई पर विश्वास नहीं बढ़ाया जा सकता है। हमें युवाओं का विश्वास दिलाना होगा कि इसका प्रयोग उनके कौशल के विकास में होगा। हमें विश्वास दिलाना होगा कि एआई लोगों की निजता को बनाए रखेगी। हमें ग्लोबल साउथ के देशों का विश्वास दिलाना होगा कि एआई उनके भविष्य के रास्ते में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि एआई की विकास यात्रा जितनी अधिक समावेशी होगी।



### आपत्तिजनक लेख लिखने पर संजय पर देशद्रोह का मामला दर्ज

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक लेख लिखने पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के यवतमाल जिला संयोजक नितीन भुतडा ने उमरखेड़ पुलिस स्टेशन में सोमवार को देर रात यह मामला दर्ज करवाया है। नितीन भूतड़ा ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि संजय राऊत ने शिवसेना के मुखपत्र में प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने संबंधी लेख लिखा है। इस लेख से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। संजय राऊत के लेख से समाज के बीच दरार पैदा हो सकती है, इसी वजह से उन्होंने यवतमाल जिले के उमरखेड़ पुलिस में संजय राऊत के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज करवाया है।






# जेएनयू में विरोध-प्रदर्शन को लेकर नया आदेश

## धरना देने पर लगेगा भारी जुर्माना, निष्कासन की भी हो सकती है कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन को लेकर जारी नए आदेश पर बवाल मचा हुआ है। नई नियमावली को लेकर छात्र संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। छात्रों का आरोप है कि यह रोक मुख्य प्रशासनिक ब्लॉक के लिए ही थी, लेकिन अब तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है।

**राष्ट्र विरोध कृत्य पर लगेगा इतना जुर्माना :** जेएनयू प्रशासन की ओर से जारी नई नियमावली के मुताबिक कई नियम और जुमार्ने भी कड़े कर दिए गए हैं। संस्थान की शैक्षणिक इमारतों के 100 मीटर के दायरे में दीवार पर पोस्टर लगाने और धरना देने पर 20,000 रुपये तक का जुमार्ना या निष्कासन हो सकता है। इसके साथ ही किसी भी राष्ट्र-विरोधी कृत्य पर 10,000 रुपये का जुमार्ना लगेगा।

**नए आदेश पर अधिकारी ने दी सफाई :** वहीं, विश्वविद्यालय से जुड़े एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है और निर्दिष्ट क्षेत्रों में इसकी अनुमति है। अधिकारी ने कहा कि परिसर के प्रतिबंधित क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन करने पर 20,000 रुपये का जुमार्ना एक पुराना नियम है और यह कोई नया नियम नहीं है, जिसे पिछले महीने विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (ईसी) ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी थी। अधिकारी ने बताया कि हमने कुछ भी नहीं बदला है। ये नियम पहले से ही मौजूद थे। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ अन्य नियम पेश किए हैं कि शैक्षणिक प्रक्रिया में कोई व्यवधान न हो। छात्रों के पास अभी भी निर्दिष्ट स्थानों पर विरोध करने का लोकतांत्रिक अधिकार है।

**छात्र संगठनों ने खठव के कदम की निंदा की:** बता दें कि विश्वविद्यालय के छात्र संगठनों ने इस कदम की निंदा करते हुए कहा है कि यह छात्रों से असहमति दर्ज कराने का लोकतांत्रिक अधिकार छीनता है। मैनुअल को चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद 2 मार्च को टेफ्लास छात्र संघ कार्यालय के बंद दरवाजे को जबरन खोलने के लिए जेएनयूएसयू अध्यक्ष आइशी घोष पर 10,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया और इस तरह की हरकत दोबारा न करने की चेतावनी दी गई।





### रवैया...

ß यह रोक मुख्य प्रशासनिक ब्लॉक के लिए ही थी, लेकिन अब तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है।

### जेएनयू प्रशासन के नए आदेश में क्या है?

- विश्वविद्यालय की अधिकृत फैकल्टी कर्मचारी-सुरक्षा कर्मी द्वारा पहचान पूछे जाने पर न देना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।
- जेएनयू परिसर में बिना पूर्व अनुमति के फ्रेशर की स्वागत पार्टी, विदाई, डिस्क जाकी (डीजे) जैसे कार्यक्रम आयोजित करने पर छह हजार तक जुमार्ना लगाया जा सकता है।
- दौरे, भ्रमण, क्षेत्र भ्रमण, खेल गतिविधि, एनसीसी, एनएसएस के दौरान अनुचित व्यवहार करना।
- अपमानजनक धार्मिक, सांप्रदायिक, जातिवादी या राष्ट्र-विरोधी टिप्पणियों वाले पोस्टर, पैम्फलेट (पाठ या चित्र) को छापना, प्रसारित करना या चिपकाना, कोई भी गतिविधि जो किसी धर्म, जाति या समुदाय के प्रति असहिष्णुता को उकसाती है या राष्ट्र-विरोधी प्रकृति की होती है जो परिसर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ती है, इनमें संलिप्त मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- विश्वविद्यालय को किसी भी तरीके से गलत प्रमाण पत्र या गलत जानकारी प्रस्तुत करना।
- किसी भी शैक्षणिक और प्रशासनिक परिसर के 100 मीटर के दायरे में भूख हड़ताल, धरना, समूह सौदेबाजी और किसी भी अन्य प्रकार का विरोध प्रदर्शन और किसी शैक्षणिक और प्रशासनिक परिसर के प्रवेश या निकास को अवरुद्ध करना।
- प्रशासन, शैक्षणिक परिसरों आदि में विश्वविद्यालय समुदाय के किसी भी सदस्य की आवाजाही को बाधित करना।
- परिसर में किसी व्यक्ति के अनाधिकृत प्रवेश या विश्वविद्यालय परिसर के किसी भी हिस्से पर अनाधिकृत कब्जा करना या उसमें शामिल होना।
- विश्वविद्यालय समुदाय के किसी भी सदस्य के खिलाफ अपमानजनक या डराने वाली भाषा का उपयोग करना।
- ऐसा करने पर 20 हजार जुमार्ना और छात्रावास से दो सेमेस्टर तक की बेदखली, पूरे जेएनयू परिसर से दो सेमेस्टर तक निष्कासन और सीमा से बाहर घोषित कर दिया जाएगा।
- नियमावली में और गलतियों पर जुमार्ना की बात कही गई है।

# हाईकोर्ट ने निमिषा की मां को दी मंजूरी, जाएगी यमन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
यमन के नागरिक की हत्या की दोषी भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को यमन जाने की मंजूरी दे दी। बता दें कि केरल की रहने वाली निमिषा की मां ने अपनी बेटी को मौत की सजा से बचाने के लिए यमन जाने देने की मांग की थी। महिला की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। बता दें कि यमन जाने पर भारत सरकार ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। जिसके कारण महिला को यमन जाने में परेशानी हो रही थी। निमिषा साल 2017 से यमन की जेल में बंद है। निमिषा को यमनी नागरिक तलाल एब्दो माहदी की हत्या का दोषी पाया गया था। आरोप है कि निमिषा ने माहदी के पास जमा अपना पासपोर्ट पाने के लिए माहदी को बेहोशी के इंजेक्शन दिए थे लेकिन इन इंजेक्शनों की वजह से माहदी की मौत हो गई।

**ब्लड मनी देकर बचाई जा सकती है निमिषा की जान**
साल 2017 में यमन में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद से भारत सरकार ने अपने नागरिकों के यमन जाने पर रोक लगा दी थी। अब निमिषा की मां अपनी बेटी को बचाने के लिए यमन जाकर माहदी के परिजनों से उसकी बेटी को माफ करने की अपील करना चाहती हैं। साथ ही वह माहदी की मौत के बदले में उसके परिजनों को ब्लड मनी देने पर भी बातचीत कर सकती हैं। निमिषा का बचाने का फिलहाल यही एक तरीका है। हाईकोर्ट ने निमिषा प्रिया की मां को एक एफिडेविट देने को कहा गया है कि वह अपने रिस्क पर यमन की यात्रा कर रही हैं।

# पुलिस ने 11 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल के साथ आरोपित को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम में हथियार सप्लाई करने के एक और बड़े मामले का खुलासा करते हुए तीन हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिनमें से एक हथियार बनाने वाला मैन्युफैक्चरर भी है। इनके पास से 11 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद किया गया है। जो दिल्ली, एनसीआर और उप्र के बदमाशों को उपलब्ध कराने के लिए मध्य प्रदेश से लाया गया था। डीसीपी आलोक कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान विमल कुमार, सुमित कुमार और अमरजीत सिंह उर्फ सरदार के रूप में हुई है। यह तीनों उप्र के प्रयागराज और मध्य प्रदेश खरगोन के रहने वाले हैं। बरामद किए गए सभी 11 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल पॉइंट 32 बोर के है। इनके बारे में एसीपी वेद प्रकाश की देखरेख में पुलिस टीम छानबीन कर रही थी। जांच के दौरान स्पेशल सेल की टीम को जानकारी मिली कि इस तरह का गैंग सक्रिय है, जो दिल्ली, एनसीआर और उप्र के बदमाशों को हथियार उपलब्ध करा रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दक्षिणी दिल्ली के प्रहलादपुर अंडरपास के पास दो हथियार तस्करों को दबोचा। उनके पास से हथियार की खेप बरामद की गई।



# कश्मीरी गेट : ऑटो पार्ट्स गोदाम/वेयर हाउस में आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के कश्मीरी गेट इलाके स्थित एक वेयरहाउस/गोदाम में बीती रात भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही अलग अलग दमकल स्टेशन से आग बुझाने वाली आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियां मौके पर रवाना की गई। दमकल कर्मियों ने तुरंत मौके पर आग बुझाने की शुरूआत की। वहां पर घुप अंधेरा था, जिसकी वजह से दमकलर्मियों को आग बुझाने में काफी दिक्कत हो रही थी। धीरे धीरे गाड़ियों की संख्या बढ़कर 12 से ज्यादा हो गई।

**कंट्रोल रूम को रात 9:24 बजे आग की सूचना :** दमकल कंट्रोल रूम को रात 9:24 बजे के आसपास गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। पाईवालान से असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर सुमित कुमार को, कनॉट प्लेस से एसटीओ प्रवीण यादव को, गीता कालोनी से अनूप यादव को और रानी झांसी रोड दमकल स्टेशन से स्टेशन ऑफिसर रविंद्र सहित 60 से ज्यादा दमकलकर्मी घंटों आग बुझाने की कोशिश में जुटे रहे। मौके पर एडीओ सुमित कुमार ने बताया की इस गोदाम में ऑटो स्पेयर पार्ट्स भरे हुए थे। जिसमें रबर के, प्लास्टिक के और गत्ते का मैटेरियल भी भरा हुआ था। जिसकी वजह से आग जल्दी फैल गई थी।

**सुबह साढ़े तीन बजे आग पर काबू पाया गया :** गोदाम जहां पर था वह जगह कश्मीरी गेट का निकोलशन रोड है। गोदाम की चौड़ाई 10 से 15 फूट के बीच थी, लेकिन लंबाई 100 फूट के आसपास थी।

# दिल्ली आबकारी घोटाला: संजय सिंह की जमानत याचिका पर 21 दिसंबर को फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट में आज दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर 21 दिसंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। संजय सिंह की न्यायिक हिरासत भी 21 दिसंबर को पूरी हो रही है। सुनवाई के दौरान ईडी ने संजय सिंह की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि दो करोड़ का लेन-देन दो किश्तों में किया गया। यह लेन-देन संजय सिंह के घर पर हुआ। ईडी ने कहा कि सर्वेश को संजय सिंह के घर पर पैसा दिया गया, जो संजय सिंह का कर्मचारी है। दिनेश अरोड़ा ने इसकी पुष्टि की है। ईडी ने कहा था कि उनके खिलाफ कैश ट्रांजेक्शन, कॉल रिकॉर्ड समेत अन्य साक्ष्य मौजूद है। ईडी ने मामले में गवाह का नाम गुप्त रखने के लिहाज से काल्पनिक नाम अल्फा के जरिये बताया कि उसने अभिषेक बोइनपल्ली से चार करोड़ लेकर एक करोड़ संजय सिंह को दिए। ईडी ने कहा कि शुरूआत में उसने अपने बयान में गौतम मल्होत्रा, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के नाम का खुलासा नहीं किया था। उसका कहना था कि यह लोग प्रभावशाली हैं और इनसे उसको खतरा हो सकता था।



# पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित नहीं दिल्ली की सड़कें

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में साल 2022 में 1461 लोगों की जान गई है। हालांकि, पिछले दशक के दौरान दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के प्रयास के चलते 20 प्रतिशत सड़क दुर्घटना में कमी दर्ज की गई। दिल्ली में सबसे ज्यादा पैदल चलने वाले लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होते हैं। साल 2022 में सड़क दुर्घटना में सबसे ज्यादा 43 प्रतिशत पैदल चलने वालों की मौत हुई है। इसके बाद 38 प्रतिशत लोग दिल्ली में दोपहिया वाहन पर सवारी करते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हुए हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी की गई सड़क दुर्घटना रिपोर्ट में सामने आई है। दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया कि चूंकि पैदल यात्री, साइकिल चालक और मोटरसाइकिल चालक सड़क उपयोगकताओं के लिए सबसे असुरक्षित हैं।

# मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा, कूदने जा रही लड़की को पुलिस ने बचाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के एक मेट्रो स्टेशन के रेलवे ट्रैक से लड़की के नीचे कूदने की कोशिश का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में लड़की मेट्रो स्टेशन से थोड़ा आगे रेलवे ट्रैक के साथ वाली रेलिंग पर चढ़कर नीचे कूदने की कोशिश करती है। वीडियो 11 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे का है। वीडियो दिल्ली के शादीपुर मेट्रो स्टेशन का बताया जा रहा है। जहां एक लड़की मेट्रो स्टेशन से आगे निकलकर ट्रैक के सहारे बॉउंड्री के जरिए आगे निकल गई और फिर वहां से कूदकर सुसाइड की धमकी देने लगी। जब लड़की को मेट्रो पुलिस और नीचे सड़क से गुजर रहे लोगों ने देखा तो शोर मचाना शुरू किया। इस बीच मेट्रो स्टाफ और सीआरपीएफ के जवान उस जगह पर पहुंचे जहां लड़की रेलिंग पर चढ़कर नीचे कूदने का प्रयास कर रही थी। हालांकि नीचे खड़े लोग उसे ऐसा नहीं करने की बात कह रहे थे, जिसके पीछे मनसा थी कि लड़की को बातों में कुछ देर उलझाया जा सके। ताकि इस बीच सीआरपीएफ के जवान वहां पहुंच कर उसे बचा ले। लोगो ने उस लड़की को बातों में उलझाए रखा और फिर मेट्रो स्टाफ और पुलिस ने लड़की को कूदने से बचा लिया।

फिलहाल मेट्रो पुलिस इस मामले की जांच कर लड़की से पूछताछ की गई कि आखिर वह ऐसा क्यों कर रही है। लड़की ने अपने परिवार वालों के बारे में बताया, जिसके बाद उसके परिवार वालों को बुलाया गया और समझाया भी गया।



# 50 लाख कैश और गोल्ड लूट का खुलासा, छह किये गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने इंटर स्टेट गैंग का पदार्फाश किया है और इस मामले में आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने आनंद विहार रेलवे स्टेशन के पास बुजुर्ग दंपति से लाखों की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस टीम ने उनके पास से 31.46 लाख कैश और वारदात में इस्तेमाल दोनो ऑटो को बरामद किया है। इन बदमाशों को अपराध शाखा की टीम ने बिहार की राजधानी पटना, उप्र के बिजनौर और दिल्ली में छापा मारकर गिरफ्तार किया है। इनमें से एक मास्टरमाइंड शमीम दिल्ली पुलिस का घोषित हिस्ट्री सीटर भी है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान मोहम्मद शहजाद, शाहिद उर्फ कलवा, जमाल उर्फ फागण, अरशद, ललिता प्रसाद और शमीम के रूप में हुई है। इनमें से पांच उप्र के बिजनौर और एक दिल्ली के जामिया नगर इलाके का रहने वाला है। इनमें से शहजाद 6 मामलों में, शहीद एक मामले में, जमाल दो मामलों में, अरशद आनंद विहार लूट मामले में, लालता एक मामले में और शमीम सात मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार इस गैंग का पदार्फाश डीसीपी सतीश कुमार की देखरेख में अपराध शाखा के पूर्वी रेंज -1 के एसीपी रोहिताश कुमार, इंस्पेक्टर आशीष शर्मा, सब इंस्पेक्टर प्रकाश, देवेंद्र, सहायक सब इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने किया है। पुलिस के अनुसार 28 नवंबर को एक बुजुर्ग कपल के साथ लूट की वारदात हुई थी। गाजीपुर के रहने वाले सख्स ने पुलिस को बताया कि अपनी पत्नी के साथ आनंद विहार रेलवे स्टेशन उतरे थे। उन्हें चांदनी चौक जाना था, वहां पर ज्वेलरी खरीदने के लिए एक शॉप से। जब रेलवे स्टेशन से बाहर निकले, तो एक ऑटो लिया। उनके पास दो बैग था, एक में 50 लाख कैश रखा हुआ था। इस दौरान ऑटो ड्राइवर ने कुछ दूर जाने के बाद बहाना बनाकर बोला कि उसके ऑटो में कुछ फाल्ट हो गया है। इस दौरान एक दूसरा ऑटो भी वहां पर पहुंचा और उसने अप्रोच किया जिसमें पहले से दो पैसेंजर सवार थे। जिस पर पीड़ित ने उसमें बैठने से मना कर दिया। इसी दौरान मौका देखकर ऑटो वालों ने जबरदस्ती दूसरे बैग में रख लिया और वहां पर धमकाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। और पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की। इस मामले की जांच कर रही पूर्वी रेंज अपराध शाखा की टीम ने भी सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की और फिर ऑटो के बारे में पता लगाया।





# आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा 22 दिसंबर को पहुंचेगी कुरुक्षेत्र: जगबीर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक) आम** आदमी पार्टी पुरे प्रदेशभर में बदलाव यात्रा का आयोजन कर रही है। 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली यात्रा प्रदेश के 4 अलग अलग जिलों से आरंभ होगी। इस यात्रा को चार जॉन में बांटा गया हैं। पूर्वमंत्री चौधरी निर्मल सिंह की अगुवाई में बदलाव यात्रा कालका से आरम्भ होगी जो कि कुरुक्षेत्र जिले में 22 दिसम्बर को पहुंचेगी। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने मंगलवार को गांव खेड़ी मारकण्डा की सरस्वती कॉलोनी के लोगों को यात्रा का निमंत्रण देने के दौरान दी। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा,लोकसभा अध्यक्ष



सुमित हिंदुस्तानी, जिला पार्षद सहित कई पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जगबीर जोगनाखेड़ा ने कहा कि "इब हरियाणा के लाल ने एक मौका केजरीवाल ने" के नाम से प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा कालका से शुरू होगी और पानीपत में समापन होगा। जोगनाखेड़ा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान हरियाणा की बदहाल स्थिति के बदलाव के लिए प्रदेश की जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें प्रदेश के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होगें। वही इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने यात्रा में सैंकड़ो की संख्या में बढ़चढ़ कर शामिल होने और उसे सफल बनाने का आश्वासन दिया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। जहां एक ओर हजारो शिक्षकों के पद खाली हैं। वही कई स्कूलों में शौचालयों के साथ साथ स्कूलों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। यही बदहाली चिकित्सा के क्षेत्र में भी है। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की लड़ाई के कारण नुकसान आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जगबीर ने कहा कि थानेसर नगर परिषद पर एक ही परिवार का पिछले कई वर्षों से कब्जा रहा है। अब हार के डर से पिछले ढाई सालो से चुनाव नही करवा रहे है। लगातार नगर परिषद में भ्ष्टाचर्र फैलता जा रहा है। लोगों एनडीसी और प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर बेवजह लुटा जा रहा है।। लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 के मुकाबले 2022 में नशे से ग्रसित 3500 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है। इसका मुख्य कारण रोजगार नहीं मिलना है। खट्टर सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह से असफल रही है। 9 साल के कार्यकाल में 30 से ज्यादा बार पेपर लीक हुए हैं। पूरे हरियाणा में नशे का कारोबार ने पैर पसार चुका है। ये यात्रा निश्चित रूप से हरियाणा में बदलाव लेकर आएगी और आने वाले समय में प्रदेश से सभी समस्याओं का हल आम आदमी पार्टी करने का काम करेगी।

# रक्तदान के कारण शरीर में नहीं आती है कोई कमजोरी: कौर

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) यूथ** ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर 18 दिवसीय रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का पांचवें दिन ब्रह्मा सरोवर कुरुक्षेत्र के प्रांगण में आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि कुवि कुटिया की प्रथम महिला प्रधान रजवंत कौर ने पहुंचकर रक्तदाताओं को बैच लगाकर उनका हौसला बढ़ाया और सम्मानित किया। कुटिया प्रधान रजवंत कौर ने कहा कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है। रक्त ही



एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं किया जा सकता। यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी पिछले कई सालों से रक्तदान शिविर लगाकर पुण्य का कार्य कर रही है और जरूरतमंद लोगों की सहायता कर रही है। यूथ डोनेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने आए अतिथियों का स्वागत किया। सोसायटी के अध्यक्ष विनोदपाल ने कहा कि बताया कि आजकल कुछ अस्पतालों में रक्त बहुत कमी है और रक्तदान का मकसद उन मरीजों की मदद करना है, जिनकी जिंदगी की डोर रक्त की कमी से कमजोर पड़ जाती है और रक्तदान शिविर लगाकर कमी को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर के साथ मिलकर काफी संख्या में संस्थान मानवीय, समाजिक कार्य कर रहे हैं जैसे कि समाजिक राष्ट्रीय संगठन, शुभकर्म चेरिटेबल ट्रस्ट ने इस पुनीत कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

# 'गरीब परिवारों को मिल रहा है सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)थानेसर** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से हर गांव में सैंकड़ों गरीब व पात्र परिवारों को केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। किसी को उज्वला गैस कनैक्शन किसी को पेंशन प्रमाण पत्र, किसी गरीब को आयुष्मान कार्ड तो किसी को स्वास्थ्य विभाग की सुविधाओं का फायदा मिला है। आज गरीबों के लिए चलाई गई योजनाओं पर गरीबों का ही हक है, जबकि पूर्व की सरकारों में अमीर परिवारों को भी बीपीएल कार्ड दिए जाते थे। विधायक मंगलवार को थानेसर विधानसभा के गांव ज्योतिसर व गांव बहादुरपुरा के राजकीय स्कूल में विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि थर्ड गेट से ज्योतिसर तक 17 करोड़ 51 रुपए की लागत से फोर लेन सीसी रोड बनाई जाएगी, इसके लिए टेंडर हो चुका है। थानेसर विधानसभा में एलिवेटिड ट्रैक का कार्य भी जल्द पूरा हो जाएगा। उन्होंने दोनों गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने के प्रति सहयोग देने के लिए शपथ भी दिलाई। वर्तमान



सरकार के कार्यकाल में पीपीपी लागू होने के बाद प्रदेश में लगभग 19 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए गए है। सरकारी योजनाओं में आज हर गरीब को प्राथमिकता दी जा रही है। सभी बीपीएल परिवारों को उज्वला गैस कनैक्शन, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित गरीब परिवारों के कल्याणार्थ चलाई गई सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने गांव ज्योतिसर और गांव बहादुरपुरा में ड्रोन प्रणाली से नैनो खाद का प्रयोग करने की प्रक्रिया को भी बारीकी से देखा। इस कार्यक्रम में ही सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा केन्द्र सरकार की उपलब्धियां भी सभी लोगों को वितरित की गई तथा सरकार की उपलब्धियों को गीतों व रागनियों के माध्यम से ग्रामीणों के समक्ष कलाकारों ने प्रस्तुत किया। गांव ज्योतिसर में उज्वला योजना के 2, बीपीएल पात्र लाभार्थियों के 5 कार्ड, 12 लाभार्थियों की पेंशन बनाई गई। दोनों गांवों में भाजपा युवा नेता साहिल सुधा ने भी ग्रामीणों को सम्बोधित किया और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में और थानेसर के विकास कार्यों के बारे में ग्रामीणों को बताया। कार्यक्रम में विधायक सुभाष सुधा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और लाभार्थियों से तथा अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत की। इस अवसर पर बीडीपीओ अमित चौधरी, भाजपा युवा नेता साहिल सुधा, आचार्य राम मेहर शास्त्री, सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी, सरपंच मनोज, प्रवीण कुमार, गुलशन नंदा, इंद्रजीत, रमन, सोनू, गौरव राणा, राजेन्द्र गौतम, रणजीत सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्लॉट में खड़ी किसान की चार पहिया ट्राली चोरी

**सोनीपत। मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव पिनाना में प्लॉट में खड़ी किसान की चार पहिया ट्राली के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव पिनाना निवासी युद्धवीर ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत 10 दिसंब को वह अपनी चार पहिया की ट्राली दीपक के प्लॉट में खड़ी की थी। उसके बाद वह गेट का ताला लगाकर अपने घर आ गया।

# दुष्कर्म करने के आरोपित को आजीवन सजा

## अदालत ने दोषी पर 70 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया

**टीम एक्शन इण्डिया /सोनीपत गोहाना क्षेत्र** में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने व धमकी देने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरूचि अत्तरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 70 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। दोषी किशोरी का रिश्ते में नाना लगता है। मामले को लेकर किशोरी ने सदर रोहतक थाना में 3 जुलाई, 2022 को शिकायत दी थी कि दो माह पहले तक वह अपनी मां के साथ गोहाना क्षेत्र में रहती थी। रोहतक निवासी संदीप कुमार रिश्ते में उनकी मां का चाचा लगता है। पीड़ित ने बताया था उनकी मां का कोर्ट में केस चल रहा था, जिसके चलते उनकी मां को तारीख पर जाना पड़ता था। उनकी मां के घर से जाने के बाद संदीप गोहाना स्थित उनके घर में आता था। पीड़िता ने बताया था कि संदीप ने उसकी अश्लील फोटो ले ली थी। उसके बाद उसके फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने सदर रोहतक थाना पुलिस को बताया था कि दो माह से वह आरोपित के रोहतक स्थित घर पर रहती थी। वह तथा उसकी पत्नी उसके घर के बाहर आने-जाने के बारे में निगरानी रखते थे। आरोपित ने अपने साले से उसका रिश्ता कराने की बात कही थी। तंग आकर पीड़िता ने सदर रोहतक थाना में शिकायत दी थी। पुलिस ने मामला गोहाना का होने के चलते जीरो एफआईआर दर्ज की थी। बाद में जांच को एफआईआर को शहर गोहाना थाना में भेजा गया था। 4 जुलाई, 2022 को शहर गोहाना में दुष्कर्म व 6 पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित संदीप को गिरफ्तार कर लिया था। उसे जेल भेज दिया गया था। अब एएसजे सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत फैसला सुनाते हुए दोषी संदीप को 6 पॉक्सो में आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ना, भादंसं की धारा 506 में सात साल कैद व 10 हजार रुपये जुमार्ना तथा धारा 354 में तीन साल कैद व 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

# वाल्मीकि बस्ती में फांसी के फंदे पर लटका मिला 22 वर्षीय विवाहिता का शव

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया शहर की वाल्मीकि** बस्ती में एक 22 वर्षीय विवाहिता का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। महिला के पति ने मामले की सूचना गन्नौर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे उतार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। वहीं मृतक महिला के स्वजन ने ससुराल पक्ष के लोगो पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। गन्नौर थाना पुलिस ने शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। गन्नौर थाना में दी शिकायत में गुड़गांव हाल सरोजनी नगर दिल्ली की रहने वाली कांता ने बताया कि उसकी बेटी लक्ष्मी का विवाह गन्नौर वाल्मीकि बस्ती निवासी रवि के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति व ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारपीट करते थे। आरोप है कि लक्ष्मी के पति ने दो दिन पहले भी उसके साथ मारपीट की थी। मंगलवार को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी लक्ष्मी ने खुद को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। कांता का आरोप है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की बल्की उसकी हत्या की गई है।

# पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इण्डिया /सोनीपत। जल शक्ति मंत्रालय** के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग ने राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 का शुभारंभ किया है। इन पुरस्कारों के लिए सभी आवेदन पर ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। आम लोग ज्यादा जानकारी के लिए इस पोर्टल या इस विभाग की वेबसाइट पर जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने पुरस्कारों के लिए पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, स्कूल/कॉलेज, संस्थान (स्कूल/कॉलेज के अलावा), उद्योग, नागरिक समाज, जल उपयोगकर्ता संघ या जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले व्यक्ति आवेदन करने के पात्र है। डीसी ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ राज्य और सर्वश्रेष्ठ जिला को विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। शेष श्रेणियों में -सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ स्कूल/कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ संस्थान (स्कूल/कॉलेज के अलावा), सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ-साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। पहले, दूसरे और तीसरे विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार क्रमशः 2 लाख रुपये, 1.5 लाख रुपये और 1 लाख रुपये हैं। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए प्राप्त सभी आवेदनों की जांच जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा की जाएगी। चुने गए आवेदनों को एक सेवानिवृत्त सचिव स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता वाली जूरी समिति के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के संगठनों अर्थात केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदनों का पता लगाया जाएगा। जूरी समिति रिपोर्ट के आधार पर आवेदनों का मूल्यांकन करेगी और विजेताओं की सिफारिश करेगी। समिति की सिफारिशों को अनुमोदन के लिए केंद्रीय मंत्री (जल शक्ति) को प्रस्तुत किया जाएगा। विजेताओं के नामों की घोषणा एक उपयुक्त दिनांक में की जाएगी और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# घर से हजारों रुपये की राशि व जेवरात चोरी

**टीम एक्शन इण्डिया /सोनीपत कुंडली थाना क्षेत्र** में अलमारी के तालों की नकदी चाबी बनवाकर हजारों रुपये की राशि व जेवरात चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में अपने सास-ससुर पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मनौली निवासी ज्योति उपाध्याय ने बताया कि वह अपनी बच्ची के साथ मायके गई हुइ थी। गत 30 नवंबर को वह देर शाम अपने घर मनौली में वापिस लौटी। उसने मैन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर के ताले की नकली चाबी बनवाकर घर से मंगलसूत्र, झूमकी, सोने के सेट, नोसपीन व 28 हजार रुपये की राशि गायब मिली। महिला ने चोरी का आरोप अपने सास-ससूर पर लगाया है। मामले को लेकर महिला ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद कुंडली थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्थानांतरित करने के निर्णय से कर्मचारियों में रोष: राजीव

**टीम एक्शन इण्डिया /सोनीपत। जन स्वास्थ्य विभाग** की डी एन्ड पी डिवीजन सोनीपत से बाढड़ा स्थानांतरित करने के निर्णय को लेकर कर्मचारियों में जबरदस्त रोष है और सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर डिवीजन स्थानांतरित करने के निर्णय पर रोक लगवाने की मांग की है। कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विभाग के मुख्य अभियंता द्वारा पत्र क्रमांक 99522 - 23 दिनांक 16 नवंबर 2023 को भेजकर डिवीजन स्थानांतरित करने की सूचना अधीक्षण



अभियंता सोनीपत को दी। मुख्य अभियंता की तरफ से 7 दिसंबर 2023 को दोबारा पत्र भेजकर कर्मचारियों की सूची, उनके काम का बंटवारा पांच दिन में माँगा है जिससे 200 कर्मचारी काफी चिंतित हैं। राजीव जैन ने जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री डॉ० बनवारी लाल से फोन पर बातचीत की और कर्मचारियों की समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। मंत्री बनवारी लाल ने आश्वाशन दिया कि सहानुभूति पूर्वक विचार किया जायेगा। राजीव जैन ने कहा कि शहर के आधारभूत ढांचे में सुधर के लिए अमृत योजना का दूसरा चरण शुरू होने वाला है, ऐसे में कर्मचारियों की कमी के कारण योजना प्रभावित होगी।राजीव जैन ने कहा कि यह कहना कि इस डिवीजन में काम कम है, यह बिलकुल गलत है क्योंकि शहर में कालोनियां लगातार बढ़ रही है, मारुती कंपनी स्थापित होने के कारण खरखौदा कस्बे का जबरदस्त विकास हो रहा है। इसलिए इस डिवीजन को शिफ्ट करना न्याय संगत नहीं है। ज्ञापन देने वालों में संदीप कुमार, कृष्ण कुमार, प्रीति, एम् सिमरन, हरिओम, विमला समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

# वागमी किडस प्ले वे स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )वागमी किडस** प्ले वे स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वार्षिक उत्सव का प्रारंभ श्री गणेश वन्दना के साथ किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। वार्षिक उत्सव में नन्हें नन्हें बाल कलाकारों ने नृत्य के साथ साथ कविता द्वारा अपनी प्रतिभा को उजागर किया। नन्हें बच्चों ने सोलो नृत्य व कविता में भी अपनी प्रतिभा को दिखाया। बच्चों के साथ साथ बडी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी डांस की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा को उजागर किया। उन्होंने सोलो डांस,



सोलो कविता व ग्रुप डांस के साथ अपनी कला को अभिभावकों गणों व समस्त सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया। सभी अभिभावकों ने जोरदार तालियों के साथ विद्यालय के सभी बच्चों को उत्साह बढया। अभिभावकों के लिए भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा को दशार्या। इस अवसर पर थानेसर नगरपरिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर कुंटिया की प्रधान रजवन्त कौर ने भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगरपरिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा व श्रीमती रजवन्त कौर ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा विद्यालय के समारोह की प्रशंसा भी की तथा बच्चों को आज के दौर में मोबाईल से दूर रहने का संदेश भी दिया। विद्यालय के चेयरमैन स्नेह छिब्बर ने मुख्यातिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमति रितू छिब्बर ने आए हुए मुख्यातिथि व सभी अभिभावक गणों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निमार्णाधीन साइट से सैटरिंग की लोहे की प्लेट चोरी

**सोनीपत। राई थाना** क्षेत्र के गांव बढ़मलिक ने निमार्णाधीन साइट से सैटरिंग की लोहे की प्लेट चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बैंयापुर खुर्द निवासी शशि कुमार ने बताया कि उसने गांव बढ़मलिक में गोदाम का काम ले रखा है। जहां पर लोहे की सैटरिंग की प्लेट रखी हुई थी।

# गन्नौर: शेखपुरा गांव के राजपुरा माइनर में मिला अज्ञात युवक का शव

**टीम एक्शन इण्डिया /गन्नौर। शेखपुरा गांव** के समीप राजपुरा माइनर में एक अज्ञात युवक का बहता हुआ शव मिला। मंगलवार की सुबह ग्रामीण खेतों की तरफ गए तो शव मिलने की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शव को शिनाख्त के लिए आसपास के ग्रामीणों को दिखाया ताकि शिनाख्त हो सके। पुलिस के प्रयास के बाद भी शिनाख्त नही हुई तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। मृतक की उम्र करीब 38 वर्ष है। मृतक के शरीर पर कोई



भी कपड़ा नही था। शरीर पर न ही चोट के निशान मिले है। शव को देख मौके पर ग्रामीणों ने आंशका जताई की कही शव पीछे से पानी में बहता हुआ माइनर में आया है। पुलिस हैडं कास्टेबल अनिल ने बताया कि शव की शिनाख्त नही हुई है। शव को शिनाख्त के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### गन्नौर बार चुनाव में विवाद समाप्त, सर्वसम्मति से संदीप राठौर बने सहसचिव, दिनेश शर्मा को बनाया लाइब्रेरी इंचार्ज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर बार** एसोसिएशन में सहसचिव पद पर हुए नामांकन पर चल रहा विवाद मंगलवार को समाप्त हो गया। चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी व वरिष्ठ अधिवक्ताओं की बैठक के बाद दिनेश शर्मा ने सहसचिव पद पर किए नामांकन को वापिस उठा लिया। जिसके चलते संदीप राठौर सर्वसम्मति से सहसचिव बन गए। वहीं मामले को शांत करने के लिए चुनाव अधिकारी ने गन्नौर बार एसोसिएशन पर पहली बार लाइब्रेरी इंचार्ज का पद सजृन किया। जिस पर दिनेश शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया। लाइब्रेरी इंचार्ज के पद पर दिनेश शर्मा का ही नामांकन मिलने पर उन्हें भी सर्वसम्मति से लाइब्रेरी इंचार्ज बना दिया गया।

**अब तीन पदों पर होगा चुनावः** मोहन शर्मा की कोषाध्यक्ष, संदीप राठौर की सहसचिव व दिनेश शर्मा की लाइब्रेरी इंचार्ज के पद पर सर्वसम्मति बनने के बाद अब प्रधान, उपप्रधान व महासचिव पद के लिए मुकाबला होगा। प्रधान पद के लिए अरुण पहल व युद्धवीर सिंह के बीच टक्कर होगी। वहीं उपप्रधान पद के लिए विशाल व सुरेश कुमार अत्री, महासचिव पद के लिए बसंत त्यागी व अशोक सैनी के बीच मुकाबला होगा।

### अवैध रूप से खनन कर रहे ट्रैक्टर चालकों पर ठोका पांच लाख का जुर्माना

**गन्नौर।** खनन विभाग व इन्फोर्समेंट की टीम ने अवैध रूप से खनन करने वालो के खिलाफ संयुक्त रुप से अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभाग ने अलग-अलग जगहों से अवैध खनन करने वाले ट्रैक्टर चालकों को पकड़ कर उन पर जुमार्ना भी लगाया है। जानकारी देते हुए जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की पबनेरा व जाटी गांव में अवैध रुप से रेत का खनन किया जा रहा है। जिसके बाद उन्होने इन्फोर्समेंट की टीम के साथ मिलकर पबनेरा स्थित यमुना से अवैध रुप से रेत का खनन करते हुए एक ट्रैक्टर पकड़ा। वहीं दूसरी टीम ने जाटी गांव से अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया है। टीम को देखकर ट्रैक्टर चालक को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। उन्होने ट्रैक्टरों को संबधित पुलिस थाना में जमा करा दिया। साथ ही विभाग द्वारा टैऊक्टर चालकों पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। अनिल कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बच्चों को बताए सफलता के 10 सूत्र

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**हीलियम गैस** जिस भी गुब्बारे में होती है, वह आसमान की और ऊँचा उड़ता है, फिर वो चाहे लाल, नीला या किसी और रंग का गुब्बारा हो या काले रंग का। क्योंकि गुब्बारा रंग से नहीं बल्कि उसके भीतर मौजूद हिलियम गैस से उड़ता है। इसी प्रकार कोई विद्यार्थी सफलता की ऊँचाई पर पहुँचे, इसके लिए उसके गरीब, अमीर के होने, ग्रामीण या शहरी परिवेश में जन्म लेने, किसी विशेष जाति, धर्म में जन्म लेने से कोई संबंध नहीं है। जिस भी विद्यार्थी में सफलता की ऊँचाई पर ले जाने वाले अच्छे गुणों की हिलियम गैस होगी, वह सबको पीछे छोडकर जीवन में ऊँचा उठेगा ही उठेगा।
ये उद्गार आज ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने व्यक्त किए।
उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गैस से भरे गुब्बारे का कंट्रोल रखने के लिए एक धागा बांधा जाता है, उसी प्रकार सपऊलता की ऊँचाई में भी कोई गुम न हो जाये, इसके लिए हर व्यक्ति को उसकी जिम्मेदारियों व कर्तव्यों के धागे से बांधा जाना बेहद जरूरी है। जीवन में सफल व जिम्मेदार नागरिक कैसे बनें? विषय पर बोलते हुए पन्नु ने बच्चों को सफलता के 10 सूत्र बताए और असल जिंदगी से कुछ जीवंत उदाहरण देकर उन सूत्रों के महत्व से अवगत किया। उन्होंने बच्चों को अपने माता पिता, दादा दादी, नाना नानी आदि रिश्तों के साथ संपर्क में रहने व उनसे उनके जीवन के तजुर्बे से अच्छी बातें सीखने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रिंसिपल गुरविंदर कौर चावला, कानन से दलेर सिंह व प्रथम से मोनिका शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रिंसिपल गुरविंदर कौर चावला ने कहा कि यह करनाल जिले का सौभाग्य है कि यहाँ की संस्थाएँ देश की भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास को लेकर सक्रिय भूमिका निभाती हैं और निफा इसमें सदैव अग्रणी रही है।

# नसीरपुर और डबरकीपार पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## अभिभावक बच्चों को परिश्रम, अच्छाई-बुराई को पहचानने के संस्कार दें : हरविंदर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज 13वें दिन गांव नसीरपुर और डबरकीपार पहुंची। नसीरपुर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने जहां यात्रा के उद्देश्यों औरजन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को कड़ी मेहनत करने तथा अच्छाई व बुराई को पहचानने के संस्कार दें।



उन्होंने बताया कि गांव नलीपार में बनने वाली आई. टी. आई. में ऐसे नये कोर्स शुरू किये जाएंगे, जिनके करने के बाद कोई युवा बेरोजगार नहीं रहेगा। उन्होंने मेदांता टीबी फ्री मिशन हरियाणा की मोबाइल यूनिट का भी अवलोकन किया जिसमें आज 25 लोगों के एक्सरे किये गये। इनमें से दस के फेफड़ों में संक्रमण पाया गया। इन सबका सी. बी. नॉट टेस्ट किया जायेगा।

डबरकीपार गांव में जिला परिषद की चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।

विधायक का नसीरपुर पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि प्रशांत व अन्य ग्रामीणों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। विधायक ने इस मौके पर विभिन विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल्स का अवलोकन किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास संबंधी लघु फिल्म दिखाई गई। मंडल अध्यक्ष एवं समाज सेवी जोगेंद्र राणा ने और डबरकीपार में सुभाष कश्यप ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर कहा कि बढ़ती आबादी के मद्देनजर पूर्व सरकारों ने आम आदमी के विकास के लिये ठोस योजनाएं नहीं बनाई।

## मजदूरी के पैसे देने के बहाने घर पर बुलाकर की मारपीट

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**मजदूरी** के पैसे देने के बहाने मजदूर को घर बुलाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मिंटू वासी गांव शाहपुर तगा ने बड़ी थाना पुलिस को शिकायत दी है कि वो दिहाड़ी-मजदूरी का काम करता है।
बेगा रोड़ पर उसने राजपाल के मकान में मिट्टी डाली थी लेकिन राजपाल उसकी दिहाड़ी के पैसे नही दे रहा था। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि 10 दिसम्बर को दोपहर करीब एक बजे उसके पास बलवान गांव शाहपुर तगा निवासी ने मेरे को अपने घर पर आने बारे सुचना भिजवाई की मेरे पास राजपाल आया हुआ है और तेरे पैसे दिलवाऊंगा। बलवान के बुलावे पर पैसे लेने के लिए जब उसके घर पर पहुँचा तो राजपाल उसके साथ गली-गलोच करने लगा,उसने उसका विरोध किया तो बलवान, बलवान की पत्नी व राजपाल ने मेरे ऊपर डंडे से हमला कर दिया ,जिससे उसको काफी चोटे आई है।उन्होंने उसको चोटिल कर भविष्य में पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। मेरे को चोटे मारी और कहा आज तो बच गया आगे कभी पैसे मांगे तो जान से मार देंगे।
झगड़े की सुचना पाकर मेरा भाई रमेश मौके पर आ गया जो उसको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज खानपुर लेकर गया। जहां उसका इलाज करवाया गया। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चैंपियनशिप में गुरु हनुमान कुश्ती, कबड्डी एकेडमी के पहलवानों ने जीते 25 मेडल



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**सनौली में** यमुना घाट के पास आयोजित बीच ग्रेपलिंग हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप में गुरू हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी लड़सौली के पहलवानों ने 10 गोल्ड , 8 सिल्वर , और 7 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर एकेडमी का नाम रोशन किया। अकेडमी में पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का अकेडमी की तरफ से स्वागत किया गया। एकेडमी संचालक भारत केसरी, भीम अवॉर्डी पहलवान नवीन मोर ने बताया कि प्रतियोगिता में सोनीपत हरियाणा स्टेट में ऑल ओवर चैम्पियन बना। एकेडमी के खिलाड़ियों में गोल्ड मेडल दीपू भिगान, सावन कटारिया साहपुर, रोही समालखा, दीपिका मोर लड़सौली, कार्तिक मोर लड़सौली, कनिका मोर लड़सौली, तनुज समालखा, सेजल समालखा, दिव्यांश समालखा, एंजल मोर लड़सौली, सिल्वर मेडल पार्थ मोर लड़सौली, सन्नी मोर लड़सौली, विनायक त्यागी हथवाला, अनुष्का त्यागी हथवाला, आर्यन राठी राजपुर, रितिज्ञा मोर लड़सौली, प्रवीण मलिक पीपलीखेड़ा, नोमिता समालखा ,ब्रॉन्ज मेडल चिंटू राठी राजपुर, हर्ष मोर लड़सौली।

## नियमित रूप से योगाभ्यास करेंगे तो रहेंगे स्वस्थः शमशेर नैन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल। पतंजलि योग** समिति द्वारा संचालित दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने साधकों को योग का अभ्यास करवाया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को आत्मसात करना चाहिए। हर व्यक्ति को सुबह सूर्य उदय होने के पहले या शाम को सूर्यास्त होने के बाद समय निकाल कर योग करना चाहिए। योग शिक्षक सुरेंद्र नारंग कि स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए।

## सीजेएम ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। सीजेएम** सुश्री जसबीर कौर ने मंगलवार को श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का दौरा किया। उन्होंने आश्रम में रह रहे सभी बच्चों से बातें की और उनको आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। इस पर बच्चों ने बताया कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है। इसके बाद सुश्री जसबीर ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम के रसोई घर में जाकर खाने की गुणवत्ता को जाकर परखा एवं आज के भोजन को लेकर बच्चों से बात की एवं खाद्य सामग्री अर्थात मिनी चार्ट का विवरण जाना कि उन्हें प्रतिदिन सुबह, दोपहर, रात में



भोजन के दौरान क्या-क्या खिलाया जाता है। इसके बाद प्रत्येक बच्चे के कक्ष में जाकर उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे उचित लाइट प्रबंध एवं साफ सफाई का जायजा लिया। सुश्री जसबीर ने बच्चों से उनकी दिनचर्या के बारे में जाना बच्चों को दी जाने वाली एवं स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। इसके बाद श्रद्धानंद अनाथ आश्रम ट्रस्ट के.शर्मा ने बताया कि अभी यहां पर 80 बच्चे रह रहे हैं, जिसमें से लडकों की संख्या 38 और लड़कियों की संख्या 42 है। यह भी बताया कि वर्ष 2022 में यहां पर रसोई का आदि आधुनिकरण किया गया है और बच्चों के लिए खाना बनाने के लिए आधुनिक मशीनें लगाई गई है।

## अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे19 दुकानदार व फड़ी वालों के काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। शहर** विशेषकर बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए चलाए गए अभियान के तहत नगर निगम ने सख्ताई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रवर्तन दल द्वारा जोन-2 व 4 के कर्ण गेट, रेलवे रोड, पुराना बस स्टैण्ड रोड, महाराजा अग्रसेन चौक से आई.टी.आई. चौक इत्यादि क्षेत्र का दौरा किया गया। इस दौरान अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे 19 दुकानदार व फड़ी वालों के चालान किए गए और उन पर 8 हजार 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया।
यह जानकारी नगर निगम आयुक्त



अभिषेक मीणा ने दी।
उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान जिन दुकानदार व फड़ी वालों ने सडक पर आगे तक सामान रखा हुआ था, उनके सामान को जब्त कर कब्जे में लिया गया है। दौरे में दुकानों के आगे साफ-सफाई रखी जा रही है या नहीं, इसका भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान सडक पर फल-सब्जी इत्यादि की कुछ रेहडि ?ां लगी मिली, जिन्हें चेतावनी देकर मुगल कैनाल स्थित अस्थाई मंडी में भेजा गया। उन्होंने बताया कि निगम के प्रवर्तन दल द्वारा बाजारों का कई बार दौरा किया गया और अतिक्रमण न करने को लेकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों के तहत भी प्रत्येक दुकानदार व रेहड़ी-फड़ी वालों के पास जाकर उन्हें कई बार समझाया भी गया है। इसके अतिरिक्त बाजारों में मुनादी भी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि बाजारों के अधिकतर दुकानदार अतिक्रमण करने के हक में नहीं हैं, परंतु कुछ दुकानदारों को बार-बार समझाने के बावजूद भी वह अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे। ऐसे दुकानदारों को बक्खा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन दल द्वारा बाजारों का रोजाना दौरा किया जाएगा और अतिक्रमण करने वालों के चालान करने के साथ-साथ उनके सामान को भी जब्त किया जाएगा।
**निगमायुक्त ने दुकानदारों से पुनः** अपील करते कहा कि बाजारों में लोगों का आवागमन ज्यादा रहता है और ग्राहकों की भीड़ भी बनी रहती है। दुकानदार अपनी सीमा से आगे सामान को न रखें, ताकि अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न ना हो सके। उन्होंने दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों से अपील करते कहा कि वह शहर की ट्रैफिक व्यवस्था व साफ-सफाई बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें।

## हर घर को जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : योगेन्द्र राणा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के जयसिंहपुरा गांव में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बीजेपी के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने लोगों का अभिवादन किया व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सर्व प्रथम विकसित व विकासशील के अंतर को जानना चाहिए। हर व्यक्ति का अपना मकान हो, अपना शौचालय हो, उसे नल से शुद्ध जल उपलब्ध हो, उसका गैस का कनेक्शन हो, यह सपना लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की पहल की है। यह संकल्प यात्रा गांव-गांव वार्ड वार्ड जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जहां जागरुक कर रही है वहीं इस तथ्य का भी पता लगा रही है कि कितने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। योगेन्द्र राणा ने कहा कि देश में 40 करोड़ लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं। देश में 10 करोड़ लोगों को शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। ग्रामीणों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को गैस किट भी उपलब्ध कराई व लोगों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई।

## एसी की कॉपर की तार चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**जिला पुलिस** के बर्गलरी स्टॉफ की टीम ने जिला कोर्ट से आरोपी टीलू पुत्र स्व.भगतू और शिवम उर्फ शिवा पुत्र सोमी वासियान डेहा बस्ती चांद सराय मंगल कॉलोनी करनाल को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से एसी की दो किलो सौ ग्राम कॉपर तार बरामद की गई। पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने शिकायतकर्ता अशोक कुमार वासी सेक्टर-13 करनाल ने शिकायत दी थी कि 18 नवंबर को उसकी मुगल मार्केट करनाल में स्थित दुकान से एसी की तार को चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना सिविल लाइन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

## 'महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। इन्द्री** के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि भारत सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है, जोकि एक ऐतिहासिक फैसला है। सरकार के इस निर्णय से महिलाओं को राजनैतिक क्षेत्र में आगे बढ? का अवसर मिलेगा। उन्होंने आम जनता को आहवान किया कि वे कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने में सहयोग करे तथा बेटा और बेटी के भेदभाव को मिटाए। बेटियों



को भी बेटे की तरह जीवन में आगे बढ? के अवसर प्रदान करे। विधायक रामकुमार कश्यप मंगलवार को मॉडल संस्कृति राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्याालय रेलवे रोड करनाल में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के आपसी सहयोग से जिला प्रशासन के दिशा निदेर्शानुसार सामुदायिक कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विधायक ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शभारंभ किया तथा स्कूली छात्राओं ने अपनी मधुर वाणी से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।
इस अवसर पर विधायक ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रशासन द्वारा की गई जागरूकता मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मैराथन मॉडल संस्कृति राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्याालय रेलवे रोड करनाल के प्रांगण से शुरू होकर रामगढि ?ा चौंक, हांसी चौंक, रघुनाथ मंदिर वाले क्षेत्र से होते हुए वापिस इसी स्कूल के प्रांगण में समाप्त हुई।

## विधायक और ग्रामीणों ने ली देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विधायक** रामकुमार कश्यप ने गांव मुरादगढ़ व मनोहरपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकार संकल्पबद्व है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्द्व बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना होगा। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार कश्यप एवं ग्रामीणों ने देश को



विकसित राष्ट्द्व बनाने की शपथ भी ली।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और जब हमारी आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब हर क्षेत्र में दुनिया में भारत सर्वप्रथम हो, ये संकल्प लेने के उद्देश्य से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा देश प्रदेश की प्रत्येक पंचायत में पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प जो हम सबने लिया है, यह संकल्प एक शब्द मात्र नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों को सबके बराबर लाने का एक पुनीत विचार है और इसमें हमें सबके संकल्प के बल को जोड ?ा है।
उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके तीन उद्देश्य देशवासियों के सामने रखे थे। पहला, आजादी की लड़ाई के दौरान जाने-अनजाने सभी शहीदों को याद करना और युवा पीढ़ी को आजादी के इतिहास के साथ जोड ?ा। दूसरा उद्देश्य था पिछले 75 वर्षों में देश द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर गौरव करना और उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ ?ा। तीसरा उद्देश्य था, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना और उस पर गौरवान्वित महसूस करना। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 सालों में एक विकसित भारत का संकल्प लेकर 75 से 100 साल तक के 25 सालों की यात्रा में सबके सामूहिक प्रयासों से भारत को विश्व में सर्वप्रथम बनाने का संकल्प लेना भी आजादी के अमृत महोत्सव का एक उद्देश्य था।

उन्होंने कार्यक्रम में सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं से संबंधित स्टालों का निरीक्षण किया और बताया कि इन स्टालों के माध्यम से आमजन को केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का धतूरी में चेयरमैन त्यागी ने किया स्वागत

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा तहत गांव धतूरी व राम नगर में भी पहुंची। दोनों गांवों में यात्रा के पहुंचनें पर नगर पालिका गन्नौर के चेयरमेन अरूण त्यागी ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कि प्रधानमंत्री व हरियाणा के मुख्यमंत्री गरीबों के सच्चे मसीहा हैं। मोदी-मनोहर के नेतृत्व में देश-प्रदेश में गरीबों के कल्याण एवं उत्थान के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई हैं, चाहे बेहतर स्वास्थ्य, रहने को मकान, शिक्षा और रोजगार की योजनाएं हों, इन सब प्रयासों के फलस्वरूप



गरीबों व जरूरतमंदों को बहुत लाभ हुआ है। इस मौके पर बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, बधवार गैस एजेंसी के संचालक कपिल बधवार, पार्षद विकास शर्मा, सरपंच आशू, राम नगर के सरपंच बलराज कौशिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थि रहे।

## न्यूज फ्लैश

### विधायक मोहनलाल ने बड़ौली में बहालगढ़ को गंदे पानी से निकासी की समस्या मुक्ति की ओर बढ़ाये सफल कदम

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**राई हलका** विधायक मोहनलाल बड़ौली ने बहालगढ़ गांव की गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान की दिशा में सफल कदम आगे बढ़ाये हैं, जिसके तहत 42.75.623/- लाख रुपए की लागत से कार्य की शुरूआत की गई है। इसके लिए



बहालगढ़वासियों ने उनका आभार व्यक्त किया है। वहीं, विधायक मोहनलाल बड़ौली ने आम जनमानस की हर समस्या के समाधान का भरोसा देते हुए कहा कि वे जनसेवा के लिए हर वक्त मौजूद हैं। विधायक मोहनलाल बड़ौली के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। बहालगढ के लोगों के लिए यह राहतभरा कार्य है। वर्षों से ग्रामीण मांग करते आ रहे थे कि गांव के गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। गांव की गलियों मे जो गंदा पानी खड़ा रहता था, जिससे निजात दिलाने का कार्य शुरू किया है। गांव की गलियों मे गंदे पानी को शिफ्ट करने के लिए जो 42 लाख 75 हजार 623 रुपए की ग्रांट पास करवाई गई जिससे आज मंगलवार को गांव में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा कार्य शुरू करवाया जा गया है। जानकारी के अनुसार इस कार्य को एनएचएआई तथा बीडीपीओ कार्यालय राई के अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी में विधायक मोहनलाल बड़ौली के निर्देशन में करवाया जा रहा है। गांव में एनएच 334-बी के रोड के नीचे से एक जोहड़ से लेकर रोड के दूसरी तरफ बने हुए जोहड़ की तरफ पाइप दबवाने का कार्य शुरू करवा दिया गया है, जिससे बहालगढ़ में खड़े गंदे पानी की समस्या को हल होगा। बहालगढ़ की जनता विधायक मोहनलाल बड़ौली के इस सरहानीय कार्य से बहुत खुश है और अपने विधायक गांव सभी वासियों ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर राजेश स्वामी सरपंच बहालगढ़, जिला पार्षद जय सिंह ढिल्लों, सुनील रोहिल्ला जिला सचिव भाजपा सोनीपत, जाखोली मंडल महामंत्री नरेन्द्र धीमान, जाखोली मंडल एससी मोर्चा अध्यक्ष जय सिंह बंजारा, जग्गी कौशिक, अमित कौशिक, पंच ईश्वर सिंह, पवन कुकरेजा, राजकुमार बहालगढ़ राकेश स्वामी आदि मौजूद रहे

### बापौली और अतौलापुर गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भाजपा राज्य** कार्यकारिणी के सदस्य संजय छोक्कर ने गांव बापौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत कर स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी व पात्र व्यक्तियों को लाभ उपलब्ध करवा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य है



कि जो भी व्यक्ति इन योजनाओं से सम्बन्ध रखता है, उन्हें योजना का लाभ यदि किसी कारणवश नहीं मिला है, तो उनका मौके पर ही फार्म भरवाकर उन्हें योजना का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करवाना है। संजय छोक्कर ने कहा कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव में जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाएगी। केंद्र व प्रदेश में मौजूदा सरकार विकास के निरंतर कार्य कर रही है। लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रहे हैं। ऋषिपाल रावल ने गांव अतौलापुर ने आयोजित कार्यक्रम कहा कि गरीब लोगों का आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का इलाज निशुल्क किया जा रहा है और उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाए बिना सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ यहां पर जरूर ले। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए लोगों और विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में ड्रोन का डेमो भी दिखाया गया और अधिकारियों ने अपने विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। इस अवसर पर बापौली मंडल अध्यक्ष शिवकुमार रावल, पीतांबर रावल,रामभतेरी रावल,बीडीपीओ शक्ति सिंह, डीएफएससी आदित्य कौशिक, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ परमिंद्र सिंह,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### हर घर को जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: डॉक्टर अर्चना गुप्ता

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के गांव ब्राह्मण माजरा व भाऊपुर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाऊपुर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची बीजेपी की जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने राम राम के उच्चारण के साथ लोगो का अभिवादन किया व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमे सर्व प्रथम विकसित व विकासशील के अंतर को जाना चाहिए। हर व्यक्ति का अपना मकान हो, अपना शौचालय हो, उसे नल से शुद्ध जल उपलब्ध हो, उसका गैस का कनेक्शन हो, यह सपना लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की पहल की है। यह संकल्प यात्रा गांव-गांव वार्ड वार्ड जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जहां जागरुक कर रही है वहीं इस तथ्य का भी पता लगा रही है कि कितने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है।

डॉ अर्चना ने कहा कि देश में 40 करोड़ लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए है। देश में 10 करोड लोगों को शौचालय उपलबध कराए गए हैं। ग्रामीणों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को गैस किट भी उपलब्ध कराई व लोगों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई।

उन्होंने बताया कि प्रधानमत्री गरीब अनाज योजना के तहत 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) विकसित भारत** संकल्प जन संवाद यात्रा अंबाला जिले के गांव कुराली, संगरैणी, धनौरा, धनौरी, हरयोली, हमीरपुर, बड़ी बस्सी, चतैन पहुंची। यहां पर ग्रमीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया और सरकार की जमकर सराहना की। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजबीर बराड़ा ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई।
पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजबीर बराड़ा ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। हर वर्ग के लिये योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, यही यात्रा को निकाले जाने का उद्देश्य है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस सपने एवं संकल्प को हमें मिलकर पूरा करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा को लेकर सभी में उत्साह व जोश है। देश व प्रदेश में जनहित के लिए जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं उन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर में बैठे योग्य व्यक्ति को मिले इसके लिए सरकार कृत संकल्प है।
उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहें हैं। यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो व्यक्ति जिस योजना के तहत पात्र हैं, यदि किसी कारणवश उसे योजना का लाभ नहीं मिला है तो उसे योजना का लाभ दिलवाना हैं।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे आम जन को भी जागरूक करना हैं।
इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने धारा 370 को तोडकर भारत को एक करने का काम किया है। अब पूरे देश में एक झंडा व एक संविधान है। जम्मू-कश्मीर में भी अमन व शांति का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी जनहित की सरकार है और सभी वर्गों के हितों के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार व घोटालों का बोलबाला था, सभी इससे परिचित हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के झारखंड के राज्यसभा सांसद के पास से आयकर विभाग द्वारा करोड़ों रुपए बरामद किये गये हैं। वर्तमान सरकार गरीबों व जरूरतमंद लोगों की सरकार है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज हो रहा है। चिरायु कार्ड के माध्यम से भी यह सुविधा दी जा रही है। पूर्व की सरकारों में जहां का मुख्यमंत्री होता था, वहीं का विकास होता था लेकिन अब हरियाणा की सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। मैरिट के आधार पर योग्य युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। किसानों के लिये भी अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग 11 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का काम किया है।
इस मौके पर पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा ने 3 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, एक लाभार्थी को निशुल्क गैस कनैक्शन व एक बुजुर्ग को वृद्ध सम्मान भत्ता संबधी प्रमाण पत्र भी वितरित किए।
उन्होनें कहा कि हम सबको मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित बनाने का जो संकल्प लिया हुआ है उसे मिलकर पूरा करना हैं। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों व अन्य को भी सम्मानित किया।
इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा के अध्यक्ष जसमेर राणा, सरपंच हरयौली रामबीर, सरपंच हमीदपुर अनीता रानी, ब्लॉक समिति चेयरमैन साहा गुलाब सैनी, गोल्डी सैनी, भागमल, गौरव सैनी, सुरेन्द्र राणा, अमित वजीदपुर, रिंकू चोपड़ा, अमीचंद, पूर्व सरपंच गुरचरण, ग्राम सचिव जगमोहन के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## लोन की राशि हड़पने वाले गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**थाना** शहर प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि इदरीश पुत्र ताशीन निवासी विद्यानंद कॉलोनी ने सीएम विंडो पर दी शिकायत में बताया था कि वह दिव्यांग है। कुछ महीने पहले वह इदगाह कॉलोनी में सीएससी सेंटर पर संचालक प्रवीन के पास किसी काम से गया था। प्रवीन ने उसको कहा नगर निगम में कार्यरत नरेंद्र के पास जाकर उसका नाम ले देना नरेंद्र काम करवा देगा। इसके बाद वह नरेंद्र से मिला। बातचित करने के बाद नरेंद्र कहने लगा सरकार द्वारा गरीब लोगों को लोन देने की स्कीम आई हुई है तुम्हे लोन चाहिए तो प्रवीन से जाकर मिल लो। उसकी बातों पर विश्वास कर वह वापिस प्रवीन से मिला। प्रवीन ने उसको बताया जिसके परिवार की सालाना आय 1 लाख रूपए से कम है उनको सरकार द्वारा स्कीम के तहत 50 हजार रूपए का लोन दिया जा रहा है। साथ ही कहा लोन अकेले लेते हो तो तुम्हे लोन केआधे पैसे भरने होगे और यदि पत्नी के साथ इतनी की आय से कम की अन्य पांच महिलाओं को साथ ले आओगे तो उसको ग्रुप लोन दिलवा देंगे। ग्रुप लोन लेने पर तुम्हारा सारा लोन स्कीम के तहत माफ हो जाएगा। घर आकर उसने पत्नी को सारी बात बताई।

## आवारा पशुओं को ट्रालियों में भरकर अनाज मंडी पहुंचे किसान

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला** में भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह बेसहारा पशुओं की समस्या का हल नहीं निकाले जाने के विरोध में विभिन्न गांवो से पशुओं को ट्रॉलियों में भर कर अनाज मंडी में इकट्ठे हुए और प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष प्रदर्शन किया। यूनियन के जिला प्रधान गुरमीत सिंह ने बताया कि यहां पर अम्बाला के निकटवर्ती गांव से विभिन्न किसान ट्रॉलियो में बकायदा गुब्बारे लगाकर उन्हे सजाकर अनाज मंडी में लेकर पहुंचे। आज यहां पर गांव बलाना, नडियाली, सिंघावाला, चौड़मस्तपुर, हमायुपुर, मच्छौंडा, पंजोखरा, दुरखड़ा, सांरगा, रछेड़ी,



धनौली, धमोली, साहपुर, माजरी, उगाड़ा, जटवाड़, जलबेड़ा, पिलखनी, अमीपुर, कालाखुर्द, फतेहगढ़, मटेहड़ी जटटा, नन्यौला, मोटा माजरा से किसान बेसहारा पशुओं को लेकर पहुंचे। इसी दौरान प्रशासन की ओर से एसडीएम दर्शन कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की लेकिन बात नहीं बन पाई जिसके बाद किसान अपनी ट्रालियों के साथ पशुओं को लेकर शहर की ओर निकल गए।
किसानों ने अपने वाहन निकाल लिये और शहर की ओर निकल गए। इसके बाद किसान अपनी ट्रालियां लेकर निकल गए और विधायक असीम गोयल के घर के बाहर धरना दिया।
किसानों का आरोप है कि आए दिन पशुओं के कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को नुक्सान हो रहा है। पशुओं के कारण कई लोग अपनी जान से भी हाथ गवा चुके है। इतना ही नहीं गांवों में पशुओं के कारण कई एकड़ फसल खराब हो जाती है। जिसके कारण किसानों को भारी नुक्सान उठाना पड़ता था। गोवंश किसानों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रशासन ने इस समस्या के निदान को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नगर निगम ने गोशाला का निर्माण नहीं किया और इसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। वहीं, यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने बताया कि किसानों की फसलें व आम लोगों की जान बचाने के लिए किसान ज्यादा से ज्यादा पशुओं को लेकर पहुंचे।

## अनुच्छेद 370 को हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक: धर्मवीर वर्मा

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। भाजपा ओबीसी** मोर्चा जिलाध्यक्ष व पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के आर्टिकल 370 को निरस्त करने से जुड़े केन्द्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा है। इससे न केवल जम्मू कश्मीर और लद्दाख बल्कि देशभर के लोगों में खुशी की लहर है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा ने अशोक नगर में लोगों के साथ सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को लेकर



खुशी जताते हुए कहा कि कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक है क्योंकि यह निर्णय जो 5 अगस्त 2019 को संसद में लिए गए फैसले पर संवैधानिक मुहर लगाता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए उम्मीद, उन्नति और एकता का एक सशक्त संदेश है। धर्मवीर वर्मा ने कहा कि 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार द्वारा लिए गए फैसले को सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय संवैधानिक बेंच द्वारा वैध करार दिए जाने से देशभर में खुशी की लहर है।

## योजना के नाम पर किसानों के साथ करोड़ों रुपए का घपला

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**बीजेपी-जेजेपी** ने किसानों से एमएसपी व मुआवजा, युवाओं से रोजगार, गरीबों से सौ-सौ गज के प्लॉट जैसी कल्याणकारी योजनाएं, दलित और पिछड़ों से आरक्षण का लाभ छीनने का काम किया है। इसलिए किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, दलित, पिछड़े व महिलाओं समेत तमाम तबके मिलकर बीजेपी से सत्ता छीनने का काम करेंगे। स्व.राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा के जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस ओबीसी कमेटी के जिला महासचिव मोनू रावल ने एक ब्यान में कही। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों के साथ करोड़ों रुपए का घपला हुआ है।

## चोरी की चांदी खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**थाना** सेक्टर-13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि बीते दिनों सीआईए थ्री पुलिस टीम ने घरों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी मोनू निवासी छाजपुर कला व नाबालिग आरोपी से थाना सेक्टर-13/17 क्षेत्र के अंतर्गत घरों से चोरी की 2 व थाना चांदनी बाग की एक वारदात का खुलासा हुआ था। पुलिस ने वारदात में शामिल इनके साथी आरोपी रोहित निवासी शामली को भी गत दिनों गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने थाना सेक्टर-13/17 के अंतर्गत सेक्टर-18 में 9 सितम्बर की रात घर से चोरी किये चांदी के सिक्के, गिलास व कड़े यूपी के शामली में सचिन पुत्र रोहताश को बेचने बारे स्वीकारा था। वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में उदित चौहान पुत्र जे.आर चौहान निवासी सेक्टर-18 की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक बाइक, पेचकश व लोहे की राड बरामद कर



नाबालिग को जुवेनाइल कोर्ट में पेश कर वहा से उसे बाल सुधार गृह मधुबन भेज गया था व आरोपी मोनू व रोहित को माननीय न्यायालय में पेश कर वहा से दोनों को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था।
सेक्टर-13/17 पुलिस चोरीशुदा चांदी का सामान खरीदने वाले आरोपी सचिन निवासी शामली यूपी की तलाश में दबिश दे रही थी। पुलिस ने आरोपी सचिन को सोमवार देर शाम गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने चोरीशुदा चांदी का सामान आरोपियों से खरीदने बारे स्वीकारा। गहनता से पूछताछ करने व चोरीशुदा चांदी का सामान बरामद करने के लिए मंगलवार को पुलिस ने आरोपी सचिन को न्यायायल में पेश किया जहा से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

## लीकेज से होने वाले नुकसान का सरोज राठी ने लिया जायजा

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को चाहिए की उनके अधीन वाले क्षेत्र में कहीं पर भी पेयजल पाइपलाइन लीकेज की समस्या को दूर कर शुद्ध पेयजल की बबार्दी रोकने का काम करना चाहिए ताकि अनमोल पानी सड़कों पर न बहे। यह बात नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने सेक्टर 2 की ग्रीन बेल्ट में पेयजल सप्लाई के समय लीकेज होने के कारण रोजाना बहने वाले हजारों लीटर पानी की समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश देते हुए कही। समाजसेवी रोशन लाल जून ने



चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी को सूचना दी थी सेक्टर 2 की ग्रीन बेल्ट में जब भी सेक्टर 2 व 6,7 में पानी सप्लाई किया जाता है तो ग्रीन बेल्ट में लीकेज होने के कारण 10 से 12 हजार लीटर पानी ग्रीन बेल्ट में भर जाता है जिसके कारण ग्रीन बेल्ट में लगे हुए पेड़ पौधे व ग्रीनरी खराब हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ शुद्ध पेयजल भी बर्बाद हो रहा है। चेयरपर्सन सरोज राठी ने सेक्टर 2 की ग्रीन बेल्ट में पहुंचकर पेयजल लीकेज से होने वाले नुकसान का जायजा लिया और मौके पर ही हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता को फोन कर निर्देश दिए कि सेक्टर 2 ,6, 7 में पेयजल सप्लाई के दौरान होने वाली लीकेज को तुरंत प्रभाव से ठीक करने का कार्य किया जाए ताकि सेक्टर 2 की ग्रीन बेल्ट में लीकेज की वजह से भरने वाले पानी की वजह से पेड़ पौधे व ग्रीनरी को कोई नुकसान नहीं पहुंचे और शुद्ध पेयजल भी बर्बाद न हो। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन पाले राम शर्मा, राजेश मकडोली पार्षद,समाजसेवी रमेश राठी,रोशन लाल जून,धर्म सिंह ,डाल चंद शर्मा कार्यकारी अभियन्ता,मनमोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सोनीपत: विकसित भारत संकल्प यात्रा आज उमेदगढ़ व पबनेरा गांवों में पहुंचेगी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के अंतर्गत आईईसी वैन बुधवार 13 दिसंबर को सोनीपत जिला के आठ गांवों में पहुंचेगी, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनका समाधान करवाया जाएगा। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने यह जानकारी देते हुए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि वे यात्रा का पूर्ण लाभ उठायें।
उपायुक्त ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिला में इस समय चार आईसीवैन चल रही हैं, जिनके माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूकता की अलख जगाई जा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 13 दिसंबर को वैन-1 नांगल कलां व औरंगाबाद, वैन-2 उमेदगढ़ व पबनेरा तथा वैन नंबर-3 गांव नगर व सरगथल और वैन नंबर-4 गढ़ी हकीकत व जाजी गांवों में पहुंचेगी। इनमें सुबह 11:00 बजे तथा दोपहर 02:00 बजे के समय आईईसी वैन के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक वैन के पहले गांव में 11 व दूसरे गांव में दो बजे कार्यक्रमों का आयोजन होगा।
उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के पड़ाव में पडने वाले गांवों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वैन के स्वागत के साथ विभिन्न विभागों की स्टॉल भी लगाई जाती हैं, जिनके माध्यम से लोगों को सेवाएं देने का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों को भी इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। ग्रामीण अपनी समस्याओं का समाधान मौके पर ही पा सकते हैं। साथ सेवाओं का फायदा भी उठा सकते हैं।

## छावनी के कच्चा बाजार में भाई ने की अपनी ही बहन की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला छावनी** के कच्चा बाजार में बीती रात मामूली कहासुनी को लेकर एक भाई ने अपनी ही बहन की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।
वहीं रात ही शव को पोस्टमार्टम के लिए अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में रखवाया गया। आज कड़ी सुरक्षा के बीच शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इस दौरान डॉक्टरों के पैनल द्वारा यह पोस्टमार्टम हुआ।
छावनी के ही कच्चा बाजार निवासी करण उर्फ कालू की बहन भावना की शादी 09 दिसंबर 2021 को मेरठ निवासी



अंकुर से हुई थी। वहां पर आपसी विवाद के चलते वह अपने मायके रहने आ गई थी। भावना की एक साल की बेटी भी है।
बीते कल ही दोनों परिवारों में फैसला भी हुआ है। जिसके बाद करण किसी बात को लेकर नाराज हो गया जब उसकी बहन घर पर बैठी हुई थी रात्रि लगभग साढे 7 बजे वह तेजधार हथियार लेकर दाखिल हुआ और उस पर दर्जनों वार करे। इस दौरान भावना की माता बाहर सामान लेने गई हुई थी जबकि पिता घर पर सोया हुआ था। भावना की चिल्लाने की आवाज सुनते ही जब तक उसका पिता बाहर पहुंचता तब तक उसकी बेटी लहुलुहान पडी हुई थी। परिजनों ने बताया कि इसी दौरान करण वहां से भाग निकला। वहीं इस मामले में सदर थाना प्रभारी नरेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रात्रि कच्चा बाजार के एक व्यक्ति की शिकायत पर धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गय है। जिसमें शिकायत कर्ता ने कहा कि करण नाम के एक व्यक्ति ने अपनी बहन मुस्कान का मर्डर कर दिया है। मुस्कान शादीशुदा है उसके पास एक बच्ची भी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुस्कार का अपने ससुराल वालों से मन मोटाव चल रहा था। कल ही अंबाला कोर्ट में इनका फैसला हुआ था।
थाना प्रभारी ने बताया कि मां बाप घर के बाहर ही थे। इनके कमरे का पिछली गली से दरवाजा खुलता था। इसी दौरान युवक ने वहां पर हत्या की है। पुलिस ने आज युवक को गिरफतार किया और उससे पूछताछ भी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही अन्य खुलासा हो सकेगा। हालांकि इस हादसे के बाद आसपास के लोग भी सहमे हुए है।

# हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य बनीं डॉ. सोनिया त्रिखा

## राज्यपाल ने दिलवाई पद, निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ, महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं के पद से ली थी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, डॉ. त्रिखा ने प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में मंगलवार को हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य के रूप में डॉ. सोनिया त्रिखा को पद, निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल सहित कई गणमान्य भी उपस्थित थे। डॉ. सोनिया त्रिखा स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़ी रही हैं। उन्होंने कल सायं ही हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। अप्रैल 2022 से हरियाणा सरकार के महानिदेशक स्वास्थ्य सेवा के रूप में डॉ त्रिखा ने प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की सार्वजनिक क्षेत्र की सुविधाओं की देखरेख के लिए राज्य के स्वास्थ्य देखभाल प्रयासों का नेतृत्व किया। स्वास्थ्य क्षेत्र में उनकी नेतृत्वकारी भूमिकाओं में अतिरिक्त महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, कार्यकारी निदेशक राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, निदेशक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान और सिविल सर्जन जैसे पद शामिल हैं। विशिष्ट शैक्षिक पृष्ठभूमि और व्यापक पेशेवर अनुभव के साथ डॉ. त्रिखा ने राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को





बदलने और बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। अपने 25 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने ने विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक में भी वर्षों तक स्वास्थ्य सलाहकार के रूप में भी सेवाएँ दीं। डॉ. सोनिया त्रिखा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज से वर्ष 1991 में गोल्ड मेडल विशिष्टता के साथ एमबीबीएस और वर्ष 1995 में प्रसूति/स्त्री रोग विज्ञान में एमडी की डिग्री हासिल की। उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधन से वर्ष 2009 में स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन जैसे प्रसिद्ध संस्थान से वर्ष 2013 में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एमएससी की डिग्री हासिल की। डॉ. त्रिखा ने अक्टूबर 2014 - अक्टूबर 2015 तक नई दिल्ली में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञ के पद पर काम किया। इससे पहले वे वठक्ळएन्रुके दिल्ली स्थित कार्यालय में फरवरी 2010 - फरवरी 2012 के बीच एचआईवी एवं एड्स विशेषज्ञ के तौर पर कार्यरत रहीं। इसी कार्यालय में वे जनवरी 2009 - फरवरी 2010 तक स्वास्थ्य अधिकारी (मातृ एवं नवजात देखभाल) के पद पर कार्यरत रहीं। जून 2007 - जुलाई 2008 तक उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भारत के दिल्ली स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय सलाहकार, परिवार एवं प्रजनन स्वास्थ्य के पद पर काम किया। जुलाई 2004 - जून 2007 तक वे राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, चंडीगढ़ में परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत रहीं। उन्होंने मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल, प्रसूति/स्त्री रोग विभाग चंडीगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र पंचकूला, स्वच्छ फाउंडेशन, हिंदू चौरिटेबल अस्पताल, सोनीपत में विभिन्न पदों पर सेवाएं दी। डॉ. सोनिया त्रिखा के समर्पण और रणनीतिक नेतृत्व ने हरियाणा में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे यहां की आबादी की सेहत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। डॉ. त्रिखा कार्यकाल अनेकों उपलब्धियों से भरा है। खासकर कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने क्षमता निर्माण, प्रयोगशाला परीक्षण, आपूर्ति श्रृंखला समर्थन और आवश्यक सेवाओं की निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ब्ट्प्क-19 महामारी को रोकने में तकनीकी नेतृत्व प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में मार्च से सितंबर 2020 के दौरान कोविड 19 की परीक्षण की नैदानिक क्षमता में प्रति दिन 300 आरटी-पीसीआर परीक्षणों से परीक्षण को बढ़ाकर 15,000 प्रतिदिन किया गया। इस दौरान उनके प्रयासों से माध्यमिक देखभाल सुविधा केंद्रों में विशेष कोविड आपातकालीन विभाग और आईसीयू स्थापित किए गए। उन्होंने जिला अस्पताल पंचकूला में 14 बिस्तरों वाली गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) की स्थापना की पहल और नेतृत्व किया। उन्होंने सेवाओं की गुणवत्ता और देखभाल की निरंतरता में सुधार के लिए 56 सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) का उपयोग करके अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (ई-उपचार) के कार्यान्वयन का नेतृत्व किया। नीति आयोग के निकट समन्वय में राज्य स्वास्थ्य सूचकांक (एसएचआई) के विभिन्न संकेतकों की निगरानी और वेलिडेशन में भी उन्होंने भूमिका निभाई।

## न्यूज फ्लैश

### विद्यार्थी जीवन के कठिन परिश्रम से सुखद होगा भविष्य: जे.पी दलाल



**चंडीगढ़**, हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि मानव जीवन में परिश्रम से बड़ा कोई धन नही है। ऐसे में विद्यार्थी जीवन में जो युवा अपने गुरुजनों व अभिभावकों का सम्मान करते हुए विद्या रूपी धन के लिए निरन्तर मेहनत करेगा आने वाले समय में वह निश्चित रूप से देश का नाम रोशन करेगा।
विद्यार्थी जीवन में युवा अपनी प्रतिभा को जितना निखारेंगे आने वाले समय में उनका जीवन उतना ही सुगम होगा। कृषि मंत्री सोमवार देर सायं गुरुग्राम के सेक्टर 23 स्थित स्विस कॉटेज स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जे.पी दलाल ने कहा कि वर्तमान में देश की युवा पीढ़ी निरंतर वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में हमारे देश का नाम रोशन कर रही है। आज दुनिया के जितने भी बहुप्रतिष्ठित संस्थान हैं, उनकी कमान युवा भारतीयों के हाथों में है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज वैश्विक स्तर पर भारत एक ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। आज जब दुनिया प्रदूषण, खाद्यान्नों की कमी सहित कई स्थानों पर युद्ध जैसे विषयों से जूझ रही है, ऐसे समय में समूचा विश्व हमारी ओर एक उम्मीद की नजर से देख रहा है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब हम हमारे देश के कुशल नेतृत्व व हमारी युवा शक्ति की बदौलत पुन: विश्व गुरु कहलाएंगे। कृषि मंत्री ने स्कूल के वार्षिकोत्सव का जिक्र करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में इस दिन का बड़ा महत्व होता है, जिसके माध्यम से पूरे वर्ष पढ़ाई में व्यस्त रहने वाले विद्यार्थी अपने गुरुजनों व अभिभावकों को अपनी अन्य प्रतिभाओं से रूबरू कराते हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों से आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ साथ आपके अंदर जो अन्य कलाओं को लेकर रुचि है, उसको कभी खत्म न होने दें। कृषि मंत्री ने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर स्विस कॉटेज स्कूल के ट्रस्टी वीरेंद्र डागर, चेयरपर्सन श्रीमती राज डागर, निदेशक अरुण डागर, प्रिंसिपल नीना थिमैया सहित विद्यार्थी व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति हरियाणा में लोगों का जबरदस्त रुझान

**चंडीगढ़**- विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति हरियाणा में लोगों का जबरदस्त रुझान है। एक करोड़ से अधिक आबादी का यात्रा का हिस्सा बनने की संभावना है। अब तक 6 लाख 28 हजार से अधिक लोग यात्रा में पहुंच चुके हैं। 2 लाख 59 हजार से महिलाओं ने यात्रा से जुड़कर आधी आबादी का प्रतिनिधित्व किया है। महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाकर महिलाएं अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। यहां पर एक ही छत के नीचे लोगों को नागरिक सेवाओं की सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद कार्यक्रम से जोड़ा है। हरियाणा को वीरों, किसानों और खिलाड़ियों की धरती के नाम से जाना जाता है। यात्रा के दौरान सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण विभाग सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए चलाई जा रही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अब तक 202 लोगों की काउंसलिंग की गई है। किसान भी मेरी फसल, मेरा ब्यौरा, स्वामित्व कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना और पीएम कुसुम योजना के बारे में जानकारी ले रहे हैं। प्राकृतिक खेती के बारे भी सैकड़ों किसान जानकारी लेने के लिए आगे आ रहे हैं। मेरी फसल, मेरा ब्यौरा राज्य सरकार की एक ऐसी योजना है, जिसके तहत किसान अपने खेत में उगाई गई फसल की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करता है और बाद में जब मंडी में फसल बेचने जाता है तो उसी के अनुसार उसका भुगतान डीबीटी के माध्यम से मिलता है। अब ऐसा समय आ गया है कि किसान को आढ़ती के पास नहीं जाना पड़ता है. बल्कि आढ़त लेने के लिए आढ़ती को किसान के पास आना पड़ता है। प्रदेश में 1300 से अधिक किसानों ने मेरी फसल, मेरा ब्यौरा योजना के तहत आवेदन किए हैं।

## विधायक ने आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
प्रदेश सरकार बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर नौकरी देने के अलावा आमजन तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद के माध्यम से लाभपात्रों को सरकारी सेवाएं उनके घर द्वार पर उपलब्ध कराने में सरकार अपना दायित्व निभा रही है। संकल्प यात्राओं का गांव-गांव में भव्य स्वागत हो रहा है और लोग इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक सहभागी बन रहे हैं। विधायक श्री ईश्वर सिंह आज गांव भागल व बलबेहड़ा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि आमजन सरकारी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। इस यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाता है। यदि किसी भी व्यक्ति के परिवार पहचान पत्र में कोई त्रुटि है तो उसको भी शिविर में ठीक किया जाता है। पात्र व्यक्तियों को गैस-सिलैंडर प्रदान किए जाते हैं।

## झुग्गियों की पुनर्वास योजना में तेजी लाने के निर्देश

### हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने एचएसवीपी अधिकारियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ / काजल रानी**
**हरियाणा** विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पंचकूला में लंबित पुनर्वास योजना की समीक्षा के लिए मंगलवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। विधान सभा सचिवालय में आयोजित इस बैठक में शहर में घग्गर पार सेक्टर 24 में प्रस्तावित मल्टी फीचर पार्क ह्यस्टेट ऑफ ऑर्टह्ल पर भी विस्तृत चर्चा हुई। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि पंचकूला की इंदिरा कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, खड़ग मंगोली इत्यादि में बनी झुग्गियों में रहने वाले लोगों की



समस्या का समाधान करने के लिए समयबद्ध तरीके से काम करना होगा। इस पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक टी.एल. सत्यप्रकाश ने बताया कि ड्रोन सर्वे का काम पूरा हो चुका है। झुग्गियों का सर्वे भी करवा लिया गया है। इस परियोजना पर दैनिक आधार पर कार्य हो रहा है। 619 झुग्गियों के पुनर्वास की योजना जल्द सिरे चढ़ा दी जाएगी। योजना में पहले उन झुग्गियों को शामिल किया जा रहा है, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय की ओर से राहत मिली हुई है। विधान सभा अध्यक्ष ने 18 एकड़ में बनने वाले प्रस्तावित मल्टी फीचर पार्क की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह पार्क पंचकूला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा। इसमें अपनी तरह का खास पेरेंटल टॉवर वाला भूल भुलैया, जापान की कला पर आधारित मेडिटेशन गार्डन, आधुनिक टोपियारी पार्क, सस्पेंस गार्डन, मॉडर्न स्केटिंग स्टेकिंग रिंक, अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला साइकिल ट्रैक, सस्पेंस फाउंटेन, सोलर ट्री आधारित चार्जिंग स्टेशन, हटनुमा वर्टिकल गार्डन, गार्डन ऑफ 5 सेंसेस, चाइम बेल ट्री, सेंस ऑफ साउंड पर आधारित पार्क विशेष आकर्षण के केंद्र होंगे।

## नॉन क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा बढ़ाए सरकार: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि खुद को ओबीसी का सबसे बड़ा हितैषी बताने का ढोंग करने वाली भाजपा-जजपा ही ओबीसी की सबसे बड़ी दुश्मन है। इन्होंने ही केंद्र सरकार के 08 लाख के मुकाबले प्रदेश में ओबीसी नॉन क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा को 06 लाख रुपये तय किया हुआ है। यह ओबीसी के साथ सबसे बड़ा धोखा है। गठबंधन सरकार



को तुरंत प्रभाव से इस लिमिट को बढ़ाकर केंद्र के बराबर करना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में ओबीसी के लिए कोई ऐसा कार्य नहीं किया गया, जिसे याद रखा जा सके। इसके विपरीत ओबीसी क्रीमीलेयर की लिमिट घटाकर उनके बच्चों के हक पर डाका डालने का षड्यंत्र रचा गया है। आय सीमा की लिमिट 06 लाख होने से ओबीसी परिवारों के होनहारों के लिए प्रोफेशनल कोर्सेज में दाखिले व सरकारी नौकरियों में अवसर कम हो गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 06 लाख रुपये की आय में वेतन और कृषि आय समेत सभी स्त्रोतों से प्राप्त आय को सकल वार्षिक आय की गणना में जोड़ा जा रहा है।

## भारत बनेगा 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र: डा. बनवारी लाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को साकार करने की दिशा में ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल निर्णायक सिद्ध हो रही है। भारत देश विकास के मार्ग पर चल पड़ा है और हम सब मिलकर 2047 तक भारत को ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्ल राष्ट्र बनाएंगे उसके लिए सभी को स्वदेशी, स्वावलंबी आत्मनिर्भर बनना होगा।

## चंडीगढ़: शीतकालीन सत्र की सुरक्षा चाक-चौबंद



**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/अंकुश जैन**
**हरियाणा** विधान सभा के 15 दिसंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के मद्देनजर विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को सुरक्षा संबंधी बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों से ब्योरा मांगा। गुप्ता ने इन अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। बैठक में तय हुआ कि विधायकों के साथ उनका सहायक स्टाफ विधान सभा परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि विधान सभा सत्र की कार्यवाही देखने के लिए बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों और पत्रकारों के दल के आने की संभावना है।
इसके मद्देनजर पुख्ता प्रबंध करने की जरूरत है। दर्शकों के लिए हारट्रोन द्वारा कम्प्युटरीकृत फोटो वाले प्रवेश पत्र जारी किए जाते हैं। इसके लिए हारट्रोन को समुचित दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों और विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों को इन सबके लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में तय हुआ कि दर्शक दीर्घा का समुचित प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों को सत्र दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए एक घंटे भर की अवधि के लिए पास जारी किए जाएंगे। विधान भवन के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था व वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के जलपान के लिए अस्थायी कैंटीन बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में तय हुआ कि विधान सभा के शीतकालीन सत्र के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों की समन्वय कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। इस कमेटी में शामिल अधिकारी व्हट्सअप ग्रुप पर एक दूसरे से जुड़े रहेंगे। इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से सत्रावधि के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की जाएगी।

## किसानों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के समक्ष बबार्दी का रोना रोया

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**बागड़ी** बैल्ट के नरमा कपास उत्पादक किसानों ने मंगलवार को गांव साहुवाला द्वितीय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही और मनमानी से वे पूरी तरह से बर्बाद हो चुके है। गुलाबी सुंडी के प्रकोप के चलते इस बार नरमा की फसल को भारी नुकसान हुआ ऊपर से मंडी में प्राइवेट खरीद एजेंसी 4000 से 4500 रुपये प्रति



क्विंटल के भाव में खरीद कर उन्हें लूटने में लगी हुई है। सैलजा ने कहा कि गठबंधन सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है, ऐसे में अन्नदाता दोहरी मार झेल रहा है, न तो फसल बिक रही है और न ही वह गेहूं की बिजाई कर पा रहा है क्यों उसके पास डीएपी और यूरिया खरीदने के लिए पैसा नहीं हैं। गांव मम्मड निवासी विक्रम बैनीवाल, सेनपाल कोठा निवासी अमनदीप सिंह नंबरदार और नाईवाला के सरपंच गुरभेज सिंह के नेतृत्व में मम्मडखेडा, केहरवाला, सेनपाल कोठा, नथोर, बचेर, खारियां, चक्का, भूना, कालुआना आदि गांवों के नरमा उत्पादक किसान कुमारी सैलजा से गांव साहुवाला द्वितीय में मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। किसानों ने उन्हें बताया कि इस बार कॉटन बैल्ट में गुलाबी सुंडी के प्रकोप से नरमा की फसल बुरी तरह से बर्बाद हुई है। जो फसल बची है उसे खरीदने में प्राइवेट एजेंसी मनमानी कर रही है। उन्होंने कहा कि गेंहू की बिजाई करनी है जिसके लिए डीएपी और यूरिया खाद की जरूरत है।

## दिव्य धाम आश्रम के दिव्य ज्योति वेद मन्दिर कार्यक्रम में सैंकड़ो ब्रह्मज्ञानी वेदपाठी हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली के दिव्य प्रांगण में दिव्य ज्योति वेद मन्दिर द्वारा एक वृहद् कार्यक्रम 'आशुतोषार्पणम-उद्यमेन प्रसन्नः गुरुप्रसादफलम' का आयोजन किया गया। पीताम्बर वस्त्र व भाल त्रिपुण्ड से सुशोभित कर इस कार्यक्रम में ६०० से भी अधिक संख्या में ब्रह्मज्ञानी वेद पाठी सम्मिलित हुए। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी की महती अनुकम्पा से इस कार्यक्रम का शुभारम्भ दिव्य ज्योति वेद मन्दिर के तत्वावधान में प्रशिक्षित ब्रह्मज्ञानी वेद पाठियों द्वारा मन व पर्यावरण की शुद्धि की कमाना हेतु वैदिक यज्ञ के आयोजन से हुआ। इस रमणीय कार्यक्रम के द्वितीय सोपान में सभी ने वैदिक हाट में सम्मिलित हो भारतीय संस्कृति की एक लघु झांकी का अभिन्न अंग होने का अनुभव किया। वैदिक हाट में मोक्षपथः एवं लक्ष्यभेदनम् क्रीडा को प्रतिभागियों ने खेला। इस खेल में सभी प्रतिभागियों ने केवल देव-वाणी









संस्कृत में वार्ता की। वैदिक हाट में तिलकधारणम व शखवादितुम कार्यशाला में वेद पाठियों ने त्रिपुण्ड व शख को बजाना सीखा व इसके अनेकानेक लाभों से भी परिचित हुए। वैदिक संस्कृति को समर्पित वैदिक हाट का अभिन्न अंग वैदिक भोज्यम भी रहा। कश्मीरी कहवा से मिष्टालुकम चाट तक, प्रत्येक व्यञ्जन को सात्विक रूप से निर्मित कर पर्यावरण-सौहार्दपूर्ण पात्रों में परोसा गया। कार्यक्रम का मुख्याकर्षण रुद्री पाठ ग्रन्थ का लोकार्पण रहा जहाँ सभी ब्रह्मज्ञानी वेद पाठियों ने अपनी रुद्री पाठ ग्रन्थ की प्रतिलिपि को प्राप्त किया। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की मंगल आरती के साथ मंच वैदिक आभा से प्रस्फुटित हो उठा। इसके उपरान्त, संस्कृत वर्तिनी के उच्चारण स्थान पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया जिसमें संस्कृत के हर वर्ण के स्पष्ट व क्लिष्ट उच्चारण का सभी ने अभ्यास किया। तदोपरान्त, ब्राह्मज्ञानी वेद पाठियों ने सर्वहित की कामना को धारण कर शुक्ल-यजुवेर्दीय रुद्राष्टाध्ययी के मन्त्रों का सामूहिक उच्चारण किया। ६०० से भी अधिक ब्रह्मज्ञानियों द्वारा वैदिक मन्त्रों के सामूहिक उच्चारण से सम्पूर्ण आभा सकारात्मक तरंगों से स्पन्दित हो उठी। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के सान्निध्य में, स्वामी आदित्यानन्द जी, अध्यक्ष, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, द्वारा डीजेवीएम की नवीन मोबाइल ऐप का विमोचन किया गया। इस आप की विशेषता को बताते हुए कार्यकर्ताओं ने सभी ब्रह्मज्ञानी वेद पाठियों को शुभकामनाएँ दी। विभिन्न शुभ संकल्पों से युक्त इस दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम के अन्तिम सत्र में साध्वी दीपा भारती जी द्वारा शुक्ल यजुवेर्दीय रुद्राष्टाध्ययी के प्रत्येक अध्याय की वैदिक विवेचना को सभी के समक्ष सम्प्रेषित किया।

# पीएम मोदी व मनोहर गरीबों के सच्चे मसीहा: जैन



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री श्री** नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जिला के गांव लोहारी टिब्बा और महिपुर में पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते हुए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गांव लुहारी टिब्बा व महिपुर में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे मसीहा हैं। मोदी-मनोहर के नेतृत्व में देश-प्रदेश में गरीबों के कल्याण एवं उत्थान के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई हैं, चाहे बेहतर स्वास्थ्य, रहने को मकान, शिक्षा और रोजगार की योजनाएं हों, इन सब प्रयासों के फलस्वरूप गरीबों व जरूरतमंदों को बहुत लाभ हुआ है। केंद्र व प्रदेश सरकार के पिछले साढ़े 9 वर्षों के कार्यकाल में गरीबी दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जितने विकासात्मक कार्य हुए हैं, उतने शायद ही पहले कभी हुए हों। हरियाणा प्रदेश की मनोहर सरकार परिवार पहचान पत्र के जरिये अंत्योदय की भावना से जनसेवा का काम कर रही है। सरकार का मानना है कि अंतिम व वंचित व्यक्ति के विकास के बिना ह्यआत्मनिर्भर व विकसित भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। देश तभी ह्यआत्मनिर्भर व विकसित बनेगा जब इसके नागरिक आत्मनिर्भर व विकसित होंगे। सरकार समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को विकास में बराबर का भागीदार बना रही है।

**पूर्व कैबिनेट मंत्रीने कार्यक्रम में जनसंवाद कर सुनी लोगों की शिकायतें:** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है। जनसंवाद कार्यक्रम जन-जन की आवाज बन चुका है। केंद्र सरकार की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम धरातल पर सरकारी की योजनाओं के क्रियान्वयन और लोगों से सीधे फीडबैक लेने के लिए शुरू किया गया है।

**विभागों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन:** इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता हुई।

# विधायक ने नगर निगम में सुनी लोगों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने नगर निगम कार्यालय अम्बाला शहर में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की शिकायतें सुनीं। शिकायतें सुनने के उपरांत उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि लोगों की जो शिकायतें प्राप्त हुई है, उनका वे तीव्रता से समाधान करना सुनिश्चित करें, किसी भी समस्या को लटकाएं नहीं। यदि किसी समस्या का निपटान करने में कोई तकनीकी या अन्य कारण है, उस बारे सम्बन्धित प्रार्थी को अवगत करवाना भी सुनिश्चित करें।

स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला ने जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नगर निगम कार्यालय में आये लोगों की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना और लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा। उनका प्रयास रहेगा कि वे हर सप्ताह एक दिन यहां पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की शिकायतों को सुनें और इस दौरान वे पहले सप्ताह में जो शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखी गई थी, उनकी भी समीक्षा करेंगे। उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को अधिकारी लटकाएं नहीं, उसमें देरी न करें। शिकायत के सम्बन्ध में यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आई तो उस बारे मुख्यमंत्री को अवगत करवाने का काम किया जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रॉपर्टी आईडी, नक्शों से सम्बन्धित, पेंशन से सम्बन्धित, राशन कार्ड से सम्बन्धित, आधार कार्ड से सम्बन्धित, परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित और विकास कार्यों से सम्बन्धित शिकायतें विधायक के समक्ष आज लोगों ने रखी। विधायक के समक्ष लगभग 55 शिकायतें आईं, जिनमे से 30 शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया और कुछ शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारी से बातचीत कर उन्हें इन समस्याओं के निपटान करने बारे निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन से अधिकारी या कर्मचारी किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करें, ऐसा सहन नहीं किया जाएगा। अधिकारी व कर्मचारी का दायित्व बनता है कि जो भी उनके पास शिकायत लेकर आता है, वे उसका बेहतर समन्वय के साथ निपटान करें। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के एक जेई की कुछ लोगों द्वारा शिकायत रखी गई। इस मामले में स्थानीय विधायक ने कहा कि उच्च अधिकारियों को इस मामले बारे अवगत करवा दिया गया है। अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जेई द्वारा अपना कार्य सही तरीके से किया जाएगा। विधायक ने यह भी कहा कि यदि भविष्य में जेई की लापरवाही नजर आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मॉडल टाउन निवासी कमलेश बाली ने पानी की निकासी बारे, नया बांस निवासी सुनीता रानी ने प्रधान आवास योजना के तहत तीसरी किस्त न मिलने बारे।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी यदि अर्थव्यवस्था को संसार की पांचवी बड़ी अर्थ व्यवस्था बना सकते है तो निःसंदेह भारत को विकसित राष्ट्र बना सकते हैः ईश कुमार राणा



**पानीपत/ कमाल हुसैन**
**मोदी का** स्वपन है विश्व भर में भारत की शान बढ़ाना। आज उनके नेतृत्व में भारत माता का माथा सिर दुनिया भर में ऊंचा हो रहा है।पूरी दुनिया उनके नेतृत्व में भारत के साथ चलने को आतुर है। ये शब्द भाजपा जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने इसराना विधान सभा क्षेत्र के गांव कारद में विकसित भारत यात्रा में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहे। उन्होंने कहा की भारत को विकसित राष्ट्र केवल राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चल कर ही संभव है। ईश कुमार राणा ने यात्रा में शामिल जन समूह को प्रोसाहित करते हुए कहा की भारत तभी विकसित देश बनेगा जब हम सब अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी ,निष्ठा लग्न तथा मेहनत पूरा करेंगे। उन्होंने कहा की मोदी की महती गारंटी है देश को 2047 तक विकसित देश बनाना। जब मोदी देश की अर्थ व्यवस्था को 11 वी अर्थव्यव्था से पांचवी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना सकते है तो निसंदेह देश को विकसित राष्ट्र बना सकते है। ये मोदी की भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी है।

मोदी के नेतृत्व में देश विकसित देश बनने के रास्ते पर अग्रसर हो चुका है। डोकलाम से लद्दाख तक चीन का पीछे हटना, पाकिस्तान को एयर स्ट्राइक तथा सर्जिकल स्ट्राइक से घर में घुस कर पिटना।, अमेरिका के विरोध के बावजूद एस 400 प्रेक्षेपात्र रूस से खरीदना, रूस_ यूक्रेन युद्ध में तिरंगे की ताकत दिखाना,पर्यावरण संरक्षण में विश्व का नेतृत्व करना,जी ट्वेंटी ट्वेंटी ग्रुप का सफल आयोजन तथा उसमे अपने मुताबिक सयुक्त घोषणा कर जारी करवाना, चंद्र यान का सफल प्रक्षेपण तथा लैंडिंग और रक्षा क्षेत्र में निर्यात करना ऐसे कदम जिससे ये पता लगता है की भारत मोदी नेतृत्व विकसित देश बनाने के रास्ते पर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना ,जनधन योजना, इन्द्र धनुष टीकाकरण योजना,उज्जवला योजना ,जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री बीमा योजना ,कैंसर तथा हृदय का इलाज सस्ता करना तथा जन औषधि केंद्र खोलना, हर घर नल से जल,हर घर शौचालय , प्रधान मंत्री आवास योजना,उज्जवला योजना,आयुष्मान योजना,नीम कोटिंग यूरिया,नेनो यूरिया, सॉइल हेल्थ कार्ड ,मोटे अनाज को प्रोसाहीत करना, ये सब योजना अंतोदय को पुष्ट करती है। ईश कुमार राणा ने कहा की मनोहर लाल सरकार ये फैसला की किसी बेटी को 20 किलोमीटर से अधिक दूरी पर कालेज में ना जाना पड़े 20 किलोमीटर के दायरे में महिला कालेज खोलना,प्राइवेट कालेज में भी बेटियों की पढ़ाई फ्री करना, किसान को बागवानी ,तिलहन तथा दलहन की खेती के लिया प्रोसाह हित करना, भवांतर योजना,सबसे अधिक फसलें एम एस पी पर खरीदना, आखिरी टेल तक पानी पहुंचाना,खेतों के रास्ते पक्के करना,हर जिले में मेडिकल कालेज खोलने की योजना ,चिरायु योजना, सामाजिक।सुरक्षा पेंशन देश में सबसे अधिक तीन हजार करना राज्य को तरक्की के रास्ते पर बढ़ा रहे है। मनोहर लाल सरकार स्वच्छ शासन प्रशासन प्रदान कर रही है। बिना खर्ची के नौकरी देना ,तबादला नीति ऑन लाइन करना सी एम विंडो के माध्यम लोगो की समस्या हल करना।विभागों की 650।से अधिक सेवाएं ऑन लाइन करना ये सब सुशासन प्रदान करने के क्रांतिकारी कदम है। पढ़ी लिखी पंचायत बनने से ग्राम विकास में तेजी आई है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला भाजपा मंत्री सुनील परढाणा एवम एडवोकेट रोशन महाला ,भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक चौहान, जिला परिषद् क्कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी गण,सरपंच पूनम देवी,सरपंच प्रतिनिधि संदीप, भाजपा मंडल।अध्यक्ष जसबीर छोकर,मंडल महामंत्री नीरज रंगा, जगदीश शर्मा भाऊ पुर, नरेश मलिक,जसपाल कश्यप आदि मोजूद रहे।

# विद्यालयों में भारतीय भाषा उत्सव का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का समापन
भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निदेर्शानुसार जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवम् समग्र शिक्षा अंबाला के जिला परियोजना समन्वयक, सुधीर कालड़ा की अध्यक्षता में जिला अंबाला के सभी राजकीय विद्यालयों में 28 सितंबर से चल रहे भारतीय भाषा उत्सव का समापन हो गया। इस अवसर पर 'महाकवि भारती' प्रख्यात तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती जी की जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि के रूप में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा के मुख्य घटक 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत पिछले 75 दिनों से चल रहे इस भारतीय भाषा उत्सव का मुख्य विषय 'भाषाएं अनेक-भाव एक' निर्धारित था तथा इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न भाषायी सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे रोल प्ले, स्किट, प्रश्नोत्तरी कहानी, गीत गायन, पोस्टर मेकिंग ,स्केच डिजाइन, क्षेत्रीय नृत्य ,विभिन्न तरह के खान-पान संबंधी प्रदर्शनी इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवम् जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने हेतु एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का जो स्वप्न है उसे विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विभिन्न भाषाओं का प्रयोग करके साकार किया है । उन्होने कहा कि आज का दिन सुब्रमण्यम भारती जी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए भी मनाया जा रहा है जिन्होंने मां भारती के पुत्र बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित 'वंदे मातरम' का तमिल भाषा में अनुवाद किया था और ' वंदे मातरम' को दक्षिण भारत में घर-घर पहुंचाने का कार्य किया था। एपीसी पूजा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस 75 दिवसीय 'भारतीय भाषा उत्सव 'कार्यक्रम के अंतर्गत, 28 सितंबर से विभिन्न साप्ताहिक विषयों को आधार बनाकर पर्यावरण, खान-पान, साहित्य ,विचार अभिव्यक्ति, नैतिकता, गणितीय एवं संख्या ज्ञान, मेरा विद्यालय और पठन अभिव्यक्ति इत्यादि संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

# सोशल साइंस क्विज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में इंटर हाउस सोशल साइंस क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई । सोशल साइंस क्विज में लेपर्ड हाउस की टीम ने पहला व पैंथर हाउस की टीम ने दूसरा स्थान पाया। लेपर्ड हाउस से रिया व दीक्षांत ने सर्वाधिक दस-दस सवालों का सही जवाब देकर अपनी टीम को जीत दिलवाने में सबसे अहम भूमिका निभाई। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर इंटर हाउस सोशल साइंस क्विज का शुभारंभ किया।
चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि क्विज की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को परखने, ज्ञान बढ़ाने और प्रतिभा प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। क्विज में पूछे गए सवालों का निर्धारित समय में जवाब देने से विद्यार्थियों का हौसला व आत्म विश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा पढ़ाई के क्रम में क्विज को अपनी आदतों में शुमार करना चाहिए । इससे आगे चलकर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में काफी मदद मिलती है। इतना ही नहीं क्विज में भाग लेते समय छात्रों को टीम बनाने की जरूरत होती है

# निरीक्षण ग्रह अम्बाला में हुआ खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला कार्यक्रम** अधिकारी मिक्षा रंगा की अध्यक्षता में निरिक्षण गृह अम्बाला में कदम फाउंडेशन अम्बाला शहर की अध्यक्षा रेखा शर्मा, ट्रस्टी देवी दयाल शर्मा, वाईस प्रेजिडेंट रीतू मल्होत्रा, सदस्य सुमन मल्होत्रा, पूजा बिरला, मीनू अरोड़ा की तरफ से स्वेच्छा से बाल हित में निरिक्षण गृह के बच्चों हेतु खेलकूद का सामान कैरम बोर्ड, बैडमिंटन रैकेट, चैस बोर्ड, वॉलिबाल, फुटबाल, लूडो, पज्जल का वितरण किया गया। संस्था द्वारा भविष्य में बाल हित में सिलाई



प्रशिक्षण भी शुरू करवाया जायेगा। जिला कार्यक्रम
अधिकारी मिक्षा रंगा द्वारा संस्था का विशेष आभार व्यक्त किया गया व बच्चों को बुराइओं को त्यागने व अच्छा नागरिक बनने का संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों द्वारा कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रंजीता सचदेवा, सदस्य रेखा शर्मा, संरक्षण अधिकारी ममता रानी , निरिक्षण गृह अधीक्षक धर्मपाल व स्टाफ सदस्य कप्तान, बलविंदर लखबीर मौजूद रहे।

# पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने दिखाई वैन को हरी झण्डी

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शहरी** विधायक प्रमोद विज ने मंगलवार को जिला परिवहन अधिकारी कम-सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण पानीपत की ओर से तैयार की गई सडक सुरक्षा जीवन रक्षा प्रचार वैन को हरी झण्डी दिखाई। इस मौके पर उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि यह वैन हर ब्लॉक में जाएगी और सडक सुरक्षा नियमों का प्रचार करेगी व जानकारी देगी ताकि लोग नियमों के प्रति जागरूक हों। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम को देखते हुए ट्रेक्टर-ट्रालियों पर रिफलैक्टिव टैप लगाई जा रही है, जिससे कोहरे में सडक दुर्घटनाएं ना हो।

# मोटे अनाज पर जिला स्तरीय किसान मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**कृषि एवं किसान** कल्याण विभाग अम्बाला ने मोटे आनाजों पर नारायणगढ़ में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया। जिसमें लगभग 1000 किसानों ने भाग लिया और किसानों ने मेले के प्रति पूरा उत्साह दिखाया।
उपकृषि निदेशक डा.जसविन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा पूरे भारत में मोटे अनाज अर्थात मिलेटस को लेकर देश स्तर पर जागरूकता अभियानों को आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसानों को मोटे अनाज की ओर अग्रसर किया जा रहा है ताकि लोग अपने



स्वास्थय को बेहतर बना सके। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सहायक कृषि अभियंता डा. सुभाष ने विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र व अनुदान आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।
सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी नारायणगढ़ डा. दलबीर सिंह ने किसानों को भूमि के संरक्षण हेतू पाईप लाईन आदि के बारे में बताया। उक्त मेले में प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, मोटे आनाजों, बायो पेस्टीसाईड आदि स्टालें लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में किसानों से प्रश्नोतरी करवाई गई व विजेता किसानों में पुरूस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र, तेपला से डा. राजेन्द्र सिंह, खेती विरासत मिशन से डा. राकेश कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तकनीकी सहायक डा. श्याम लाल, डा. दीन दयाल, डा. बलबीर सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# 400 युवाओं ने जीवन में नशा न करने की सौगंध ली



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह आईपीएस के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भापुसे और अनिल कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध निरंतर कठोरतम कार्रवाई की जा रही है तो दूसरी और नशे के विरुद्ध जागरूकता के माध्यम से भी कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में आज मूल चंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय नशा विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए बताया कि नशे के कारण मनुष्य समय से पूर्व ही न केवल वृद्ध हो रहा है अपितु मृत्यु को प्राप्त हो रहा है। नशे के प्रकार और उनके प्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए डॉ. वर्मा ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए किस प्रकार घातक है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के द्वारा बताया कि नशे के प्रभाव में आकर नशा करने वाला व्यक्ति न केवल स्वयं के जीवन को नरक के सामान बना लेता है अपितु परिवार को भी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यदि एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत आने वाले नशीले पदार्थ मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए जरा भी अच्छे होते तो सरकार उनके ठे-के खोल देती। उन्होंने युवाओं को कहा कि वे प्रतिबंधित नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर निर्भीक होकर दें। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि स्वावलम्बी बने और अपना स्वयं का लघु उद्योग आरम्भ कर अन्य लोगों को रोजगार दें। कार्यक्रम के अंत में 400 से अधिक युवाओं ने जीवन में नशा न करने की सौगंध ली।

# पानीपत : व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**चौधरी** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र ऊझा पानीपत के प्रांगण में पांच दिवसीय "कटिंग एंड टेलरिंग" विषय पर व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पानीपत जिले की 60 अनुसुचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की अनुसुचित जाति की महिलाओं को सिलाई-कढाई की ट्रेनिंग देकर उन्हे आर्थिक रन्प से आत्मनिर्भर व शस्क्त बनाना था।
केन्द्र द्वारा हर वर्ष कटिंग एंड टेलरिंग, नर्सरी उत्पादन, बेकरी




उत्पाद, स्प्रे तकनीक, डेयरी फार्मिंग , खुम्ब उत्पादन इत्यादि विषय पर अनुसुचित जाति के प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जिनके महिला सशक्तिकरण में अच्छे परिणाम देखने को मिले है। इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ संयोजक डा राजबीर गर्ग ने महिलाओं को सिलाई व कढाई व्यवसाय से जुड़े विभिन्न पहल्लुओं पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को बताया की सिलाई व कढाई का व्यवसाय एक सदाबहार व्यवसाय है जिसकी समय के साथ डिमांड बढ़ती जा रही है। आज के आधुनिक युग में फैशन व वस्त्रों की डिमांड व पैमाने बदलते जा रहे है और यदि महिलाएं इन मापदंड व पैमाने को उचित प्रशिक्षण के माध्यम से सीख ले व बदलती जरूरतों के हिसाब से वस्त्रो की सिलाई, कढाई व बुनाई करना सिख ले तो वे कटिंग एण्ड टेलरिंग व्यवसाय को अपनी आजिविका का मुख्य साधन बना सकती है। व अपने परिवार की अर्थिक जरूरतों को पुरा कर सकती है। उन्होने बताया कि इस व्यवसाय को महिलाएं छोटे स्तर से भी शुरू कर सकती है। तथा अपने आप को आर्थिक तौर पर सशक्त बना सकती है। इस अवसर पर डा० सीमा दहिया, डा० राजेश व डा० कुलदीप डुडी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# पोलटेक्निक में रोजगार को लेकर सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय**
बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे गोविंद ओवरसीज द्वारा' भारत और विदेश मे रोजगार के अवसर ' विषय पर सैमिनार का आयोजन किया गया । सैमिनार मे गोविंद ओवरसीज की निदेशक सुश्री ज्योति ने विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया । उन्होने विद्यार्थियो को बताया कि यह 3 वर्षीय डिप्लोमा करने के बाद वह किस तरह से किस किस क्षेत्र मे अपना कैरियर बना सकते है । उन्होने विद्यार्थियो को साक्षात्कार संबधी बहुमुल्य जानकारी भी दी । उन्होने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि उनमे आत्मविश्वास का होना सबसे जरूरी है अगर उनमे आत्मविश्वास है तो वह कोई भी कार्य बिना किसी रुकावट के कर सकते है । उन्होने विद्यार्थियो को बताया कि विदेशो मे उनके लिए विशेष रोजगार के अवसर उपलब्ध है । उन्होने विद्यार्थियो को आइल्ट्स, पीटीई से सबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी । इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा.राजीव सपरा जी ने गोविंद ओवरसीज की पूरी टीम का धन्यावाद किया । इस अवसर पर गोविंद ओवरसीज से श्री रिशभ व संस्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी श्री रोशन लाल,हितेश चावला इत्यादि उपस्थित थे।

# पीएम मोदी के कार्यों से खुश है देश के लोग: महेन्द्र नागपाल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र में वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी सरकार की योजनाओं से अवगत कराने और उनका लाभ जनता किस प्रकार से ले सके। इसके लिए वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र के श्रीराम चौक पर विशाल शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने बताया कि इस शिविर में उज्जवला योजना, आधार कार्ड कैंप, पीएम स्वनिधि शिविर, आयुष्मान भारत कैंप, स्वास्थ्य शिविर, आवास योजना सहित कई योजनाओं के फार्म भरे गये और लोगों को इन योजनाओं से संबंधित जानकारी भी दी गई। श्री नागपाल ने बताया कि इस शिविर का लगभग 1200 लोगों ने लाभ उठाया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग तरक्की की ओर अग्रसर हो रहे है। इस अवसर पर निगम पार्षद योगेश वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




असम के सहप्रभारी पवन शर्मा के जन्मदिन पर कनॉट प्लेस स्थित श्री शिव मंदिर में हवन पूजन हुआ और भंडारा वितरण किया गया। इस दौरान सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने पवन शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी।

## स्पोर्टस् फंड न मिलने से शिक्षक संघ ने जताया रोष: जीएसटीए

**टीम एक्शन इंड़िया/नई दिल्ली**
**इस सत्र की** राज्य स्तरीय खेल गतिविधिया अब लगभग समाप्ति की ओर है, परन्तु दिल्ली के सरकारी स्कूलों में मिलने वाला बीस हजार का नाम मात्र का खेल फण्ड अभी तक स्कूलों को आवंटित नहीं किया गया है।



**जीएसटीए ने व्यक्त किया रोषः** गवरमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अजयवीर यादव ने कहा कि यह सरकार की खेल के प्रति उदासीनता को दशार्ता है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कुल बीस हजार रुपये खेल के नाम पर प्रति वर्ष दिया जाता है इसमें से दस हजार रुपये खेल उपकरण खरीदने के लिए व दस हजार रुपये खिलाड़ियो को प्रतियोगिता स्थल तक आने-जाने व उनको रिफ्रेसमेंट देने के लिए आवंटित किए जाने का प्रावधान है। हालाँकि यह फण्ड ऊँट के मुँह में जीरे के समान है फिर भी बड़े खेद का विषय है की विगत दो वर्षों से इस बार की भाँति सत्र के अंत में जीएसटीए की माँग पर अधिकारियो द्वारा खेल फण्ड रिलीज किया गया था। गौरतलब है कि पूरे वर्ष स्कूल स्तर पर खेल कूद गतिविधियों का खर्च फिज़िकल एज़ुकेशन टीचर की जेब से होता है।

**खेल फण्ड अपर्याप्तः** यादव ने इस बाबत शिक्षा मंत्री सहित शिक्षा निदेशक को पत्र लिख कर खेल फण्ड को अपर्याप्त बताया है तथा इसे बढ़ा कर स्कूल में कम से कम सौ रुपये प्रति छात्र के हिसाब से सत्र के शुरू में दिया जाए।

# प्रदीप राणा एवं अनुभव धीर ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर इलाके के नंदा रोड़ स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा के कार्यालय पर आदर्श नगर मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा आदर्श नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा और पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें भाजपा की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और बूथ पर संगठन को मजबूत करना है। इस मौके पर भाजपा के पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना है। इस मौके पर नवनियुक्त पदाकारियों में मंडल उपाध्यक्ष में गौरव गुप्ता, विकास गुप्ता, मीर सिंह, रमेश कुमार, रश्मि सूद, महामंत्री में मनोज कालीरमन, राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गुरदीप ओबरॉय, मंत्री में अनिल कश्यप, अशोक कुमार, करूणा, निष्कर्ष, सुरेन्द्र ढाका, कार्यालय प्रभारी सुनील वर्मा, कार्यालय मंत्री अनिल बत्रा, प्रवक्ता पदमा, आईटी प्रमुख जगमोहन के अलावा सनी बत्रा आदर्श नगर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष, तरुण युवा मोर्चा महामंत्री आदर्श नगर भी उपस्थित रहे।

# कमला नगर के अग्रसेन चौक पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन विधानसभा** क्षेत्र स्थित कमला नगर के अग्रसेन चौक पर वैश्य युवा मैत्री संघ के बैनर तले महाराजा अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन का 12वां स्थापना दिवस अग्रवाल बिरादरी ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर फूल मालाएं भेंट कर पूजा की गई और जयघोष किया गया। इस मौके पर हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया गया।

**कौन थे महाराजा अग्रसेनः** बतादें कि महाराजा अग्रसेन अग्रवाल समाज के पितामह और वैश्य समाज का संस्थापक कहे जाते हैं। महाराजा अग्रसेन अग्रोहा के एक महान भारतीय राजा थे। महाराजा अग्रसेन को पौराणिक समाजवाद के प्रर्वतक, युग पुरुष के तौर पर याद किया जाता है। क्षत्रिय कुल में जन्में महाराजा अग्रसेन जिस शहर अग्रोहा के राजा थे वह एक व्यापारियों का शहर था। कहा जाता है कि इस शहर की स्थापना भी महाराजा अग्रसेन ने की थी।

**हनुमान चालीसा पाठ का आयोजनः** महाराजा अग्रसेन के 12वें स्थापना दिवस के



मौके पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन बड़े ही जोरदार तरीके से किया गया। इस दौरान भजन गायक मुकेश गोयल द्वारा हनुमान भजन के साथ-साथ श्री राम के भजनों से समां बांधे रखा।

**रोहित गुप्ता (प्रधान, वैश्य युवा मैत्री संघ) ने कहा कि** महाराजा अग्रसेन ने समाज में एकता और सद्भाव का उपदेश दिया था। यही कारण है कि मुख्य रूप से उनके अनुयायी अग्रसेन जयंती के दिन गरीबों में मुफ्त भोजन और दवाईं बाटंते हैं। महाराजा अग्रसेन के सम्मान में भारत सरकार ने 1976 में उनकी 5100 वीं जयंती पर एक डाक टिकट भी जारी किया था।

**राजेंद्र जिंदल (प्रधान, जय माता मार्किट आरडब्ल्यूए)** ने कहा कि महाराजा अग्रसेन भगवान राम के पुत्र कुश के 34वीं पीढ़ी के माने जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि 15 साल की उम्र में अग्रसेन पांडवों के पक्ष से महाभारत युद्ध लड़ा था। कहा ये भी जाता है कि भगवान कृष्ण ने कहा था कि अग्रसेन कलयुग में एक युग पुरुष बनकर अवतरित होंगे, जो द्वापर युग की समाप्ति के बाद शुरू होगा।

**यह लोग रहें उपस्थितः** कार्यक्रम के दौरान वैश्य युवा मैत्री संघ के प्रधान रोहित गुप्ता, महामंत्री राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गोयल, जय माता मार्किट आरडब्लूए के प्रधान राजेंद्र जिंदल, मधु गोयल, जगदीश गोयल, संजय गुप्ता, दीपक गुप्ता, चेयरमैन जितेंद्र अग्रवाल, अरविंद गर्ग, जोगीराम जैन, सहित अन्य गणमान्य भी कार्यक्रम का हिस्सा बने।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव अलीपुर शिकारगाह व जसाना में कार्यक्रम का आयोजन

**न्यू इंडिया**

**8 केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं लाभार्थी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

फरीदाबाद के गांव अलीपुर के सरपंच सुनील कुमार ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को न्यू इंडिया का मंत्र दिया है। न्यू इंडिया एक ऐसा भारत, जो आत्मनिर्भर और विकसित होगा। अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने न केवल आत्मनिर्भर और विकसित भारत की रूपरेखा तैयार की है, बल्कि इस दृष्टिकोण को भारतीय लोकाचार और वैश्विक आकांक्षाओं के साथ भी समृद्ध किया है। सरपंच सुनील कुमार आज मंगलवार को गांव अलीपुर शिकारगाह व जसाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंतिम व वंचित व्यक्ति आत्मनिर्भर और विकसित भारत का आधार है। इस महत्वपूर्ण कड़ी को मजबूत करते हुए सरकार की ओर से ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा की पहल आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्प यात्रा के चार अमृत स्तंभों-नारी शक्ति, अन्नदाता, युवा शक्ति और मध्यम वर्ग एवं गरीब के सशक्तिकरण के अनुरूप हैं। पीएम - आवास योजना और आयुष्मान भारत योजना तक, मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत के आदर्शों की दिशा में समर्पित रूप से कार्य किया है। प्रधानमंत्री इस आदर्श को विकसित भारत संकल्प यात्रा को ह्यमोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से जनता जनार्दन तक ले जा रहे हैं। यात्रा का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है, जिससे ऐसी योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित हो सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गरीब बीपीएल परिवारों को निशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन भी प्रदान किए गए। उज्ज्वला गैस कनेक्शन पाकर पात्र महिलाओं की आंखें खुशी से चमक उठीं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नागरिकों की स्वास्थ्य जांच व टीबी की स्क्रीनिंग की गई। यात्रा के दौरान लोगों को आयुष्मान कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। यात्रा में जनभागीदारी बढ़ाने व समाज के लिए अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया।

# भाटिया सेवक समाज द्वारा संचालित नेत्र अस्पताल के दौरे पर पहुँचे गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

फरीदाबाद के एनआईटी दो नंबर ब्लॉक मे भाटिया सेवक समाज द्वारा आँखों का निशुल्क चैरिटेबल अस्पताल चलाया जा रहा हैं जिसमें गरीब व जरूरतमंद लोगों की आधुनिक मशीनों द्वारा आँखों की जाँच करके निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन व लैन्स लगाने का काम काफी वर्षो से किया जा रहा है और जनता के सहयोग से जल्दी ही पांच मंजिल का नया अस्पताल भी बनकर तैयार होने जा रहा हैं जिससे और अधिक सुविधाएं जनता कों दी जा सकेगी। आज भाटिया समाज के प्रधान मोहन सिंह भाटिया के आग्रह पर पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल नेत्र अस्पताल का दौरा



करने पहुंचे जहाँ समस्त भाटिया समाज ने विपुल गोयल का बुक्के भेंट कर स्वागत किया और पुरे अस्पताल का दौरा कराकर अस्पताल मे दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत करवाया । इस मोके पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने संस्था के सभी पदाधिकारियों कों इस नेक कार्य के लिए बधाई दी और कहा की जो लोग पैसो के अभाव मे ईलाज नहीं करवा पाते और उनकी आँखें खराब हों जाती हैं ऐसे लोगों कों भाटिया समाज नया जीवन देने का काम करता हैं क्योंकि बिना आँखों के इंसान का जीवन अधूरा हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आइनॉक्स इंडिया लिमिटेड का आईपीओ बृहस्पतिवार, 14 दिसंबर, 2023 को खुलेगा

**नोएडा**

आइनॉक्स इंडिया लिमिटेड ("कंपनी"), बृहस्पतिवार, 14 दिसंबर, 2023 को अपने इक्विटी शेयरों का आईपीओ खोलेगी।

एंकर निवेशक बोली की तारीख बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 होगी।

ऑफर, सब्सक्रिप्शन के लिए बृहस्पतिवार, 14 दिसंबर, 2023 को खुलेगा और सोमवार, 18 दिसंबर, 2023 को बंद होगा।

ऑफर के लिए प्राइस बैंड ? 627 से ? 660 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 22 इक्विटी शेयर और उसके बाद 22 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

कंपनी विक्रेता शेयरधारकों द्वारा 22,110,955 इक्विटी शेयरों की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है।

ऑफर फॉर सेल में सिद्धार्थ जैन ले 10,437,355 इक्विटी शेयर, पवन कुमार जैन के 5,000,000 इक्विटी शेयर, नयनतारा जैन के 5,000,000 इक्विटी शेयर, इशिता जैन ("प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक") के 1,200,000 इक्विटी शेयर, मंजू जैन के 230,000 इक्विटी शेयर तक, लता रूंगटा के 190,000 इक्विटी शेयर तक, भारती शाह के 13,400 इक्विटी शेयर तक, कुमुद गंगवाल के 13,400 इक्विटी शेयर तक, सुमन अजमेरा के 13,400 इक्विटी शेयर तक और रजनी मोहट्टा के 13,400 इक्विटी शेयर तक शामिल हैं ("अन्य विक्रेता शेयरधारक", प्रमोटर विक्रय शेयरधारकों के साथ, जिन्हें "विक्रेता शेयरधारक" कहा जाता है)।

इक्विटी शेयरों की पेशकश 8 दिसंबर, 2023 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से की जा रही है, जिसे सेबी के पास दायर किए गए 9 दिसंबर, 2023 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के शुद्धिपत्र ("आरएचपी") के साथ पढ़ा जाता है, जिसे रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, गुजरात, अहमदाबाद में दाखिल किया गया है। "आरओसी")

आरएचपी के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, बीएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज है। हमारी कंपनी को क्रमशः 25 अक्टूबर, 2023 और 23 अक्टूबर, 2023 के उनके पत्रों के अनुसार इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग के लिए बीएसई और एनएसई से 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्राप्त हुआ है।\

### महिंद्रा ने एक्सकॉन 2023 में उत्कृष्ट ब्लेजो एक्स एम-ड्युरा टिपर और विनिर्माण उपकरण की बीएसवी रेंज को लॉन्च किया

**फरीदाबाद**

महिंद्रा ग्रुप की सहायक कंपनी, महिंद्रा'ज ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी), और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन (टउए) ने नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, एक्सकॉन 2023 में अपनी नवीनतम पेशकश लॉन्च की। "नया इंडिया का नया टिपर" महिंद्रा ब्लेजो एक्स एम-ड्युरा और विनिर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज, उद्योग के नवीनतम मानकों के अनुरूप उन्नत फीचर्स एवं अनुपालन प्रदान करते हुए अपनी-अपनी श्रेणियों में मानकों को नए सिरे से प्रभावित करने के लिए तैयार है।

बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र (बीआईईसी) में एमटीबी स्टॉल ओडी67 पर, महिंद्रा की रोडमास्टर और अर्थमास्टर जैसे बीएसश निर्माण उपकरणों की पूरी श्रृंखला, साथ ही ब्लेजो एक्स एम-ड्युरा 35 टिपर, ब्लेजो एक्स 28 ट्रांजिट मिक्सर, फ्यूरियो जैसी व्यापक ट्रक रेंज 6केएल के साथ 10 फ्यूल बाउसर और लोडकिंग ऑप्टिमो टिपर डिस्प्ले पर थे। महिंद्रा ने लोडिंग और ढुलाई क्षमता वाली नई कंसेप्ट - लिफ्टमास्टर कॉम्पैक्ट क्रेन को भी प्रदर्शित किया, जिसका उद्देश्य निर्माण आवश्यकताओं के लिए बहुपयोगी समाधान प्रदान करना है।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री जलज गुप्ता, बिजनेस हेड - कॉमर्शियल व्हीकल, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कहा, "स्थानीय विनिर्माण पर जोर देने के साथ-साथ अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को पेश करने के हमारे निरंतर प्रयास, मेक इन इंडिया पहल हेतु कंपनी के मजबूत समर्थन का उदाहरण हैं। एक्सकॉन में ब्लेजो एक्स एम-ड्युरा टिपर और विनिर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज को लाया जाना वाणिज्यिक वाहन और विनिर्माण उपकरण खंड के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# विक्की ने 'ऑल इंडिया पुलिस गेम्स' बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

झज्जर के गांव जसौर खेड़ी, फौजी सुंदर सिंह के घर में जन्मे विक्की हरियाणा पुलिस में बतौर सिपाही 2020 में भर्ती हुआ। जिसकी पहले तैनाती फरीदाबाद में हुई पिता से मिली प्रेरणा से देशभक्ति की भावना व खेलों के प्रति रुझान के चलते उन्होंने बॉक्सिंग में अपना अभ्यास शुरू किया। करनाल मधुबन में हुए ऑल इंडिया पुलिस गेम्स प्रतियोगिता में 92 किलो हैवीवेट बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा पुलिस का नाम रोशन किया है।

# दुर्गा शक्ति की टीम ने बुजुर्ग महिला को घर पर सुरक्षित छोड़ किया सराहनीय कार्य

**सराहनीय कार्य**

**8 बुजुर्ग महिला दीमागी हालत ठीक नही है वह घर से बिना बताए निकल गई थी।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के द्वारा चलाए गए सेफ सिटी अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त श्री राकेश कुमार आर्य के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेन्ट्रल जोन प्रभारी इंदु बाला व ईआरवी सेन्ट्रल जोन इंचार्ज कुलजीत व महिला पीसीआर की



टीम ने रात्रि के समय बुजुर्ग महिला को पीसीआर से घर तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रात्रि के समय करीब 2 बजे सेक्टर-28 बडखल मोड की तरफ पीसीआर नम्बर-2 गस्त पर थी। गस्त के दौरान बुजुर्ग महिला (70वर्ष) रास्ते में जाते हुए मिली, पुलिस टीम महिला एएसआई सुरेश बाला, महिला सिपाही पूजा और ड्राइवर समुन्द्र ने बुजुर्ग महिला पूछताछ में घर का पता चला। महिला की दीमाकी हालत ठीक नही लग रही थी। महिला को घर पहुंचाया, महिला की पुत्रवधु ने पूछताछ में बताया कि मेरे ससुर काफी समय पहले एक्सपायर हो चुके हैं और कुछ महीने पहले मेरे पति की मृत्यु हो गई थी। जिसकी वजह से मेरी सास की दीमागी हालत ठीक नही है वह घर से बिना बताए निकल गई थी। अपने रिश्तेदारियों में उनके कहीं जाने के बारे में पता लगा रही थी। मेरे पती की एक पंचर की दुकान भी थी, जिसको देखने के लिए मेरी सास पहले भी चली गई थी। पुलिस टीम के साथ अपनी सास को देखकर महिला खुश हुई। महिला ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया है। सेफ सिटी अभियान के तहत फरीदाबाद पुलिस के द्वारा पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार रात्रि के समय महिला को कोई साधन/पब्लिक ट्रांसपोर्ट नही मिल पा रहा हो और अकेली असुरक्षित महसूस कर रही है तो वह फरीदाबाद पुलिस द्वारा जारी किए गए कंट्रोल रूम नंबर 9999150000, 0129-2227200, 7290010000 पर संपर्क करके पुलिस की मदद ले सकती है। जिसमें उसके नजदीकी दुर्गा शक्ति, पीसीआर या इआरवी टीम उस महिला से संपर्क करके उसे सुरक्षित घर तक छोड़ेगी।

# भाजपा सबका साथ,सबका विकास नीति से काम करती है: प्रवी[illegible]चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी आज बडखल पाली रोड़ पर बनाई जा रही सडक का कार्य देखने पहुंचे और ठेकेदार को हिदायत दी की सडक की क्वालिटी का पूरी तरह ध्यान रखा जाए। प्रवीण चौधरी ने कहा कि इस सडक के बन जाने से बडखल से पाली होते हुए सोहना जाने वाले लोगों को बहुत राहत मिलेगी। उन्होनें कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,मुख्यमंत्री मनोहर लाल,केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर और



बडखल की लोकप्रिय विधायक सीमा त्रिखा सबका साथ,सबका विकास की नीति से काम कर रहे है। देश व हरियाणा प्रदेश की सरकार गरीबों,किसानों,महिलाओं और युवाओं को सर्मपित सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का गौरव विश्व स्तर पर बढ़ाने का काम किया है और आज हर देशवासी को उन पर गर्व है।

# देसी कट्टे सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोनू गांव तिगांव का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान बुखारपुर मोड़ के तिगांव से काबू किया है।

# योजना के तहत अपने आईसर कैन्टर को चोरी करवाकर, किशन हडपना चाहता था इंश्योरेंस के पैसे



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधिक मामलो में शामलि आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने योजना के तहत अपने आईसर कैन्टर को चोरी करवाने के मामले में मुख्य आरोपी सहित 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हनीफ और किशन कुमार का नाम शामिल है। आरोपी हनिफ नहूं के गांव औथा का तथा आरोपी किशन कुमार सेक्टर-55 का रहने वाला है। मुख्य आरोपी किशन को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-58 एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी हनिफ को पहले डबुआ थाने के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिसमें आरोपी से पूछताछ में थाना सेक्टर-58 के आईसर कैन्टर चोरी के मामले का खुलासा हुआ था। जिसको पुलिस प्रोडक्शन पर लिया गया था। आरोपी किशान से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पर कर्जा होने के कारण 13 अक्टूबर को झुठा मामला दर्ज कराया था। आरोपी ने आईसर कैन्टर को 3,00,000/-रु में हनिफ को बेच दिया था। आरोपी हनिफ ने कैन्टर को साहिल खन्नौरी पंजाब को 3,20,000/-रु में बेच दिया था। आरोपी हनिफ से कैन्टर की नम्बर प्लेट व आरोपी किशन से 1,90,000/-रु बरामद किए गए है। आरोपी ने बाकि पैसे खर्च कर दिए है। आरोपी हनीफ 10 साल से पुरानी गाड़ियों की सेल व परचेज करता है। आरोपियों को मामले में पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपी की क्राइम ब्रांच टीम तलाश कर रही है। जल्द गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा।

# जनता को मूलभूत सुविधाएं समय पर देना हमारी प्राथमिकता : शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

हरियाणा परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों और नए कार्यों की शुरूआत से संबंधित कार्यों के बारे में सेक्टर-8 स्थित कैंप कार्यालय पर बल्लभगढ़ नगर निगम जोन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा की कालोनियों में चल रहे गलियों के निर्माण कार्य, पार्कों के सौंदर्यीकरण के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी एक माह तक पूरे होने चाहिए ताकि नए साल में आगे के



अन्य विकास कार्य को शुरू किया जा सके। कैबिनेट मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि बल्लभगढ़ के ऐतिहासिक धार्मिक आस्था के केंद्र पथवारी मंदिर के जीर्णोद्धार के कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा बल्लभगढ़ आर्य नगर में डाली जाने वाली सीवर लाइन के कार्य, मुजेसर गांव के बाबा हिदेर्राम बाबा मंदिर के धार्मिक ऐतिहासिक कुंड के जीर्णोद्धार के कार्य और को जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा में जनता को मूलभूत सुविधाएं सही समय पर देना उनकी प्राथमिकता है, उसी को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य चले हुए हैं । उन्होंने अधिकारियों को यह भी दिशा निर्देश दिए हैं कि बल्लभगढ़ विधानसभा में जहां उन्हें परेशानियों दिखाई देते हैं उन्हें भी ध्यान में रखते हुए दूर करें। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा में साफ सफाई की व्यवस्था को भी अधिकारी दुरुस्त रखने का काम करें। बैठक में बल्लभगढ़ जॉइंट कमिश्नर नगर निगम करण भदौरिया, भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा सहित कार्यकारी अभियंता एवं एसडीओ और सभी वार्डो के जेई और अधिकारीगण मौजूद रहे।

# लोगों को घर के द्वार पर ही मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ : अमित आहूजा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

**संकल्प यात्रा**

**8 एनआईटी 3, डी ब्लॉक पार्क और एनआईटी 2, लखानी धर्मशाला में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा**

भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है, जिससे ऐसी योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित हो सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम आज एनआईटी 3, डी ब्लॉक पार्क और एनआईटी 2, लखानी धर्मशाला में आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों की परेशानियों को दूर करना सरकार की प्राथमिकता है। देश के विकास में हम सभी का योगदान जरूरी है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पूर्णरूप से आत्मनिर्भर होगा।

केंद्र व प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। देश में पीएम नरेंद्र मोदी और हरियाणा में सीएम मनोहर लाल के



नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में और भी तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

**हमारा संकल्प-विकसित भारतह्न की दिलाई शपथ :**

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा ने सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ भी दिलवाई।

**स्टॉलो का किया अवलोकन :**

मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया और ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा नवीनतम कृषि को लेकर ड्रोन टेक्नोलॉजी प्रदर्शित की गई।

**यह है विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्यः-**

इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

**यह रहे मौजूद**

पूर्व पार्षद मनोज नासवा, यशपाल जयसिंह, के.सी. शर्मा, बिशम्बर भाटिया, मनोज शर्मा, खुशबू सिंह, पूजा विरमानी, सोमनाथ सुखीजा, कैलाश गुगलानी, स्वीटी सहित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं रेजिडेंट वेलफेयर के जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# नवीन त्यागी ने सुंदरकांड पाठ कर किया जन्मदिन का भव्य आयोजन

- आदर्श नगर विधानसभा के हजारों लोगों ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा
- राजनीतिक गलियारों में इसे शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है










**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**केवल** पार्क के प्राचीन शिव मंदिर में सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इसी मौके पर सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया।

इस दौरान आदर्श नगर विधानसभा के लगभग सभी इलाकों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

**बधाई देने वालों का लगा रहा तांता:** सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी के जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा है। इस दौरान भाजपा और अन्य दलों के नेताओं, समाजसेवियों और धर्मावलम्बियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

**ये लोग रहे मौजूद:** जन्मदिन कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, आदर्श नगर के विधायक पवन शर्मा, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद शिखा भारद्वाज, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद सुमन शर्मा, निगम पार्षद सुमन त्यागी, निगम पार्षद अजीत यादव, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, पूर्व पार्षद गरिमा गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद सुरेन्द्र खर्ब, मास्टर जयकिशन, मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा, मंडल अध्यक्ष दलबीर पुनिया, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, जिला उपाध्यक्ष नरेश मलिक के अलावा आदर्श नगर रामलीला कमेटी, केवल पार्क रामलीला कमेटी, आरडब्ल्यूए केवल पार्क, आरडब्ल्यूए केवल पार्क एक्सटेंशन, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए, आरडब्ल्यूए रामेश्वर नगर, आरडब्ल्यूए गोपाल नगर, आरडब्ल्यूए पुलिस कॉलोनी, आरडब्ल्यूए धीरपुर, आरडब्ल्यूए गांधी विहार, राममंदिर मजलिस पार्क, राममंदिर केवल पार्क, हनुमान मंदिर केवल पार्क, श्याम मस्ताना मंडल, प्राचीन शिव मंदिर केवल पार्क, जहांगीरपुरी आरडब्ल्यूए, संजय पार्क, माता मंदिर गोपाल नगर, सूरज नगर मंदिर, आजादपुर आरडब्ल्यूए, महेन्द्रा पार्क आरडब्ल्यूए, भंडौला व सराय पीपल थला की संस्थाओं सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

इस दौरान जाट सभा, ब्राह्मण सभा और इन्द्रप्रस्थ सीनियर सीटीजन और प्राचीन शिव मंदिर केवल पार्क ने नवीन त्यागी को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत सत्कार किया और इन्हें बधाई दी।

**सुंदरकांड पाठ का आयोजन:** नवीन त्यागी के जन्मदिन के अवसर पर केवल पार्क के प्राचीन शिव मंदिर में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी की गई।

**हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया:** सुंदरकांड पाठ समापन के बाद मंदिर में नवीन त्यागी की दीघार्यु व स्वास्थ जीवन के लिए विशेष पूजन-आरती करने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।















